दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित






● नई दिल्ली | बुधवार 14 जनवरी -2026 | ● वर्ष : 11 अंक : 26 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# ईरान में युद्ध का सायरन!

## ट्रंप ने अपने नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने का दिया आदेश




**नई दिल्ली।** डोनाल्ड ट्रंप ईरान को लेकर करीब-करीब वॉर मोड में आते नजर आ रहे हैं। अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सोमवार, 12 जनवरी 2026 को एक आपातकालीन सुरक्षा अलर्ट जारी कर सभी अमेरिकी नागरिकों को तुरंत ईरान छोड़ने का निर्देश दिया है। यह कदम ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी भीषण विरोध प्रदर्शनों और सुरक्षा बलों की घातक कार्रवाई के बाद उठाया गया है, जिसमें अब तक 500 से ज्यादा लोगों की मौत और हजारों की गिरफ्तारी की खबरें हैं। अमेरिकी सरकार ने चेतावनी दी है कि अमेरिकी नागरिकों, विशेष रूप से दोहरी नागरिकता रखने वालों को वहां मनमानी गिरफ्तारी, पूछताछ और प्रताड़ना का गंभीर खतरा है। ईरान की सरकार ने पूरे देश में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क बंद कर दिया है, जिससे संचार पूरी तरह ठप हो गया है।

कई अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन्स ने 16 जनवरी तक अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं, जिसके चलते अमेरिका ने अपने नागरिकों को अगर मुमकिन हो तो आर्मेनिया या तुर्किये के रास्ते सड़क मार्ग से निकलने की सलाह दी है।

**दोहरी नागरिकता वालों पर मंडरा रहा खतरा :** अमेरिकी प्रशासन ने कहा है कि ईरान सरकार दोहरी नागरिकता को मान्यता नहीं देती है। ऐसे में इन नागरिकों को पूरी तरह ईरानी नागरिक मानकर उन पर वहां के सख्त कानून थोपे जा सकते हैं। अमेरिकी पासपोर्ट दिखाना या अमेरिका से संबंध होने का कोई भी सबूत गिरफ्तारी का आधार बन सकता है। ईरान में कोई अमेरिकी दूतावास नहीं है, इसलिए संकट में फंसे नागरिकों को सरकारी मदद मिलना लगभग नामुमकिन है।

ईरान में प्रदर्शनों को दबाने के लिए सरकार ने इंटरनेट पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है।

एमनेस्टी इंटरनेशनल के मुताबिक, यह ब्लैकआउट मानवाधिकारों के उल्लंघन को छिपाने की एक कोशिश है। इस अशांति के कारण लुफ्थांसा, एमिरेट्स, टर्किश एयरलाइंस और कतर एयरवेज जैसी बड़ी कंपनियों ने अपनी सेवाएं सीमित या रद्द कर दी हैं। तेहरान का इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट करीब अलग-थलग पड़ गया है।

# 14 जनवरी को सूर्य होंगे उत्तरायण, मकर संक्रांति गुरुवार को मनाई जाएगी : श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज

**- महंत बोले एकादशी के कारण 14 को खिचड़ी-चावल का दान-सेवन न करें**

**- उदयतिथि मानने वाले भक्त 15 जनवरी को ही कर सकेंगे दान-स्नान**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सिद्धपीठ श्रीदूधेश्वरनाथ मठ महादेव मंदिर के पीठाधीश्वर, जूना अखाड़ा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता व दिल्ली संत महामंडल के अध्यक्ष श्रीमहंत नारायण गिरि महाराज ने मकर संक्रांति पर्व की बधाई देते हुए बताया कि 14 जनवरी को दोपहर 3:13 बजे सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करेंगे, इसी के साथ वे दक्षिणायन से उत्तरायण हो जाएंगे। शास्त्रों के अनुसार संक्रांति के समय से आठ घंटे पूर्व और आठ घंटे पश्चात का समय पुण्यकाल माना जाता है। सूर्य का प्रवेश दोपहर में होने से मकर संक्रांति 14 जनवरी को ही मनाई जाएगी।

### खरमास भी समाप्त, मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ हो जाएंगे

करंट क्राइम : महाराजश्री ने बताया कि इस वर्ष संक्रांति को लेकर भ्रम बना रहा है कि पर्व 14 जनवरी को मनाया जाए या 15 जनवरी को। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूर्य के धनु से मकर में प्रवेश को ही संक्रांति कहा जाता है और यही समय पर्व निर्धारण करता है। उन्होंने आगे कहा कि 14 जनवरी को एकादशी होने के कारण इस दिन खिचड़ी-चावल का सेवन एवं दान वर्जित रहेगा। अतः दान व सेवन 15 जनवरी को शुभ रहेगा। उदयातिथि के अनुसार पर्व मनाने वाले श्रद्धालु 15 जनवरी को भी दान-पुण्य व स्नान कर सकते हैं। महाराजश्री ने बताया कि इसके साथ ही लगभग एक माह से चल रहा खरमास भी समाप्त हो जाएगा और सभी मांगलिक कार्य पुनः प्रारंभ हो जाएंगे।

# मेरठ में हत्याओं के बाद यूपी गेट पर कमिश्नरेट पुलिस अलर्ट

**- लोकल फोर्स और इंटेलिजेंस रखे हुए हैं पॉलिटिकल मूवमेंट पर हर नजर**

**- बीते दिनों सांसद चंद्रशेखर के साथ हुई थी पुलिस की तकरार**




गाजियाबाद, करंट क्राइम : पश्चिम उत्तर प्रदेश की राजनीति इन दिनों चर्चा में बनी हुई है। मेरठ में बीते दिनों बुजुर्ग महिला की हत्या और फिर उसकी बेटी का अपहरण और अब सरधना में कश्यप समाज के युवक की हत्या का मामला गर्मा गया है। अब मंगलवार को यूपी गेट पर थाना कौशांबी, खोड़ा और इंदिरापुरम पुलिस की टीम निगरानी रख रही थीं। तो वहीं जानकारी मिली है कि इंटेलीजेंस वाले टीमों को भी यूपी गेट पर नजर रखने का निर्देश दिया गया है। इन सबके बीच जानकारी निकल कर आ रही है कि मंगलवार को एक सांसद चुपचाप निकल गए थे, जिन्हें बाद में जिन्हें मुरादाबाद रोक दिया गया था। वो दलित फेस भी हैं।

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार मेरठ और सरधना को जाने वाले अलग-अलग दलों के नेताओं को रोकने के लिए यूपी गेट पर अब गाजियाबाद पुलिस ने प्लान बना लिया है। बताया जा रहा है उन्हें के साथ काफिला या किसी प्रकार की भीड़ को नहीं जाने दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि दिल्ली पुलिस से भी गाजियाबाद पुलिस इस बारे में लगातार कोऑर्डिनेटर कर रही है ताकि यूपी गेट पर किसी तरीके के विवाद और तकरार की स्थिति ना बने।

इन सबके बीच इस बारे में जानकारी मिली है कि जिस तरीके से इन दिनों मेरठ के दो अलग-अलग हत्याओं के मामले के बाद कई राजनीतिक दलों के नेताओं का कूच यूपी की ओर हो गया है। इसको देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट अलर्ट मोड पर है। तो वहीं 26 जनवरी की सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए और बॉर्डर सिक्योरिटी के तहत जल्द ही दिल्ली और गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक होनी है। अब बताया जा रहा है कि उससे पहले ही अधिकारियों ने फोन पर कोऑर्डिनेशन कर लिया है ताकि अलग-अलग राजनीतिक दलों के नेताओं की निगरानी की जा सके।

# सड़क हादसों के बाद उठी मांग रंग लाई, एनएच-9 पर विजय नगर कट चौड़ीकरण शुरू, दुर्घटनाओं पर लगेगा ब्रेक

## सांसद अतुल गर्ग और विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से तेजी से चल रहा कार्य







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** एनएच-9 दिल्लीझमेरठ एक्सप्रेस वे पर विजय नगर, गाजियाबाद के व्यस्त कट को चौड़ा करने का कार्य शुरू हो गया है। पिछले दिनों इस कट पर हुई सड़क दुर्घटनाओं के बाद स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों द्वारा सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई गई थी, जिसे अब ठोस कार्यवाही का रूप मिला है।

इस संबंध में सांसद अतुल गर्ग और शहर विधायक संजीव शर्मा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से कट को चौड़ा करने का अनुरोध किया था। पूर्व में प्रकाशित खबरों और लगातार हो रहे हादसों को संज्ञान में लेते हुए मंत्रालय द्वारा इस कार्य को स्वीकृति दी गई, जिसके बाद अब मौके पर तेजी से काम चल रहा है।

आज विधायक संजीव शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि यह कट लंबे समय से दुर्घटना संभावित रहा है और चौड़ीकरण के बाद यहां यातायात सुगम होने के साथ-साथ हादसों में भी कमी आएगी। उन्होंने जनता को आश्वस्त किया कि कार्य को गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा।

स्थानीय लोगों ने भी जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और त्वरित कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि यह कार्य क्षेत्र की एक पुरानी और गंभीर समस्या का समाधान साबित होगा।

# इधर करंट क्राइम ने प्रकाशित किया मंत्री जी के बर्थडे का मुजफ्फरनगर प्रोग्राम उधर जारी हो गया गाजियाबाद में भी जन्मदिन सेलिब्रेशन का पूरा चार्ट






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने प्रमुखता से इस समाचार को प्रकाशित किया था कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप इस बार अपना जन्मदिन मुजफ्फरनगर में मनायेंगे। ये भी बताया था कि उनके आवास का पता गोकुल सिटी का है और यहीं पर जन्मदिन मनेगा। यहीं पर केक कटेगा और निवेदकों के नाम बताये थे। समय बताया था और जन्मदिन की लोकेशन शिफ्ट होने को लेकर जो चर्चाएं चल रही हैं उन्हें भी प्रकाशित किया था। गौरतलब है कि राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का जन्मदिन 15 जनवरी को मनाया जाता है। वो इसे गाजियाबाद में ही मनाते आये हैं और इस बार ये पहला मौका जब बर्थडे सेलीब्रेशन की लोकेशन मुजफ्फरनगर आई। दैनिक करंट क्राइम में ये खबर प्रकाशित होने के बाद इस मामले में मोड आ गया और अब पता चला है कि मुजफ्फरनगर से पहले गाजियाबाद में केक कटेगा। उनका 64वां जन्मदिन पहले गाजियाबाद में मनेगा। साहित्यिक अभिनंदन है, जन्मोत्सव समारोह है। कुल मिलाकर पूरा फार्मेट वही रहेगा लेकिन गाजियाबाद में निवेदक बदल जायेंगे। मुजफ्फरनगर में समाज के निवेदक हैं। उनके पुत्र आयोजक हैं और गाजियाबाद में लोकेशन भी मंत्री जी का आवास रहेगा लेकिन ये आवास संजय नगर सेक्टर 23 वाला रहेगा। यहां पर निवेदक भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल होंगे और उनके साथ मंत्री नरेन्द्र कश्यप के प्रतिनिधि



क्या नरेन्द्र कश्यप बिठा रहे हैं मुजफ्फरनगर में कोई सियासी कैलकुलेशन

आखिर इस बार क्यों मन रहा है मुजफ्फरनगर में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार का बर्थडे सेलिब्रेशन

क्या सुनाई दे रही है ... की विधानसभा वाली चुनावी हलचल

सौरभ जायसवाल होंगे। मुजफ्फरनगर से पहले गाजियाबाद में केक कटेगा। संजय नगर वाले आवास में ये कार्यक्रम सुबह 9 बजे से 12 बजे तक चलेगा। उसके बाद मंत्री जी गोकुल सिटी मुजफ्फरनगर के लिए प्रस्थान करेंगे और वहां पर शाम को 4 बजे से 7 बजे तक बर्थडे सेलीब्रेशन होगा। दोनों जगह साहित्यिक अभिनंदन है जन्मोत्सव समारोह है। दैनिक करंट क्राइम ने जैसे ही मुजफ्फरनगर वाले बर्थडे सेलीब्रेशन का समाचार प्रकाशित किया। उसके बाद गाजियाबाद में भी अब अब ये प्रोग्राम बन गया है। 15 जनवरी दिन गुरूवार को उसी फार्मेट के साथ संजय नगर स्थित मंत्री आवास पर जन्मदिन मनाया जायेगा। लेकिन यहां पर ये बात खास है कि मंत्री जी के पास दो आवास हैं और वे दोनों ही आवासों में मौजूद रहेंगे। वो गाजियाबाद वाले आवास पर भी रहेंगे और गोकुल सिटी वाले आवास पर भी रहेंगे।

# 'एनकाउंटर' करने वाली सब इंस्पेक्टर का रिश्वत लेते हुए 'एनकाउंटर'

## एंटी करप्शन टीम ने 45 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** साहिबाबाद महिला थाने की रिपोर्टिंग चौकी पर तैनात महिला दरोगा भुवनेश्वरी सिंह को मेरठ एंटी करप्शन टीम ने दहेज उत्पीड़न मामले में आरोपी पक्ष से 45 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता की सूचना पर जाल बिछाकर मंगलवार को यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तारी के बाद साहिबाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

भुवनेश्वरी मूलरूप से अलीगढ़ की रहने वाली हैं और उनका विवादों से पुराना नाता रहा है। इससे पहले कानपुर में तैनाती के दौरान भी उन पर हनीट्रैप और सेक्स रैकेट चलाने जैसे गंभीर आरोप लगे थे, जिसमें उनकी गिरफ्तारी की कार्रवाई भी हुई थी। अब गाजियाबाद में रिश्वत मामले ने महकमे में फिर हड़कंप मचा दिया है।

गौरतलब है कि भुवनेश्वरी वहीं दरोगा हैं, जिन्होंने पिछले साल नवरात्रि के पहले दिन यूपी पुलिस के उस पहले महिला एनकाउंटर ऑपरेशन में हिस्सा लिया था।

जिसे पूरी तरह महिला पुलिसकर्मियों की टीम ने अंजाम दिया था। घायल बदमाश को कंधे से पकड़कर ले जाती उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई थीं, जिसके बाद उन्हें सम्मानित भी किया गया था। उधर, पिछले कुछ समय में गाजियाबाद कमिश्नरेट में महिला पुलिसकर्मियों पर लगातार कार्रवाई भी चर्चा में है।

### कुछ दिनों पहले मुरादनगर में हुई थी गिरफ्तारी

करंट क्राइम : बीते महीने मुरादनगर थाने में एक महिला दरोगा और महिला कांस्टेबल को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ पकड़ा था। उस मामले में भी दहेज एक्ट के पीड़ित युवक से ही रकम ली गई थी। लगातार हो रही इन कार्रवाइयों को लेकर महकमे में निगरानी बढ़ाने, शिकायत तंत्र को मजबूत करने और भ्रष्टाचार पर सख्त कार्रवाई की चर्चा तेज है।



# आवारा कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट की दो टूक 'डॉग बाइट' पर तय कर सकते हैं खाना खिलाने वाले की जवाबदेही

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार (13 जनवरी) को आवारा कुत्तों के मामले पर अहम सुनवाई करते हुए कड़ी टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में रिहायशी इलाकों में आवारा कुत्तों के आतंक पर संकेत दिया कि वह आवारा कुत्तों के हमलों से होने वाली किसी भी चोट या मौत के लिए नागरिक अधिकारियों और कुत्ते पालने वालों दोनों को उत्तरदायी ठहरा सकता है।




शीर्ष अदालत ने टिप्पणी की है कि जो लोग आवारा कुत्तों को लेकर चिंतित हैं, उन्हें उन्हें अपने घरों में ले जाना चाहिए, बजाय इसके कि उन्हें 'इधर-उधर घूमने, काटने और जनता को डराने' दिया जाए।

यह मौखिक टिप्पणी तब आई जब न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, न्यायमूर्ति संदीप मेहता और न्यायमूर्ति एनवी अंजारिया की पीठ आवारा कुत्तों के मुद्दे से संबंधित स्वतः संज्ञान मामले की सुनवाई कर रही थी। पीठ ने कहा कि कुत्ते के काटने की घटनाओं के लिए कुत्ते प्रेमियों और उन्हें खाना खिलाने वालों को भी 'जिम्मेदार' और 'जवाबदेह' ठहराया जाएगा।

**तय होगी जिम्मेदारी और जवाबदेही :** न्यायमूर्ति नाथ ने कहा, 'कुत्तों के काटने से बच्चों या बुजुर्गों की मृत्यु या चोट के हर मामले के लिए हम राज्य सरकारों से भारी मुआवजा वसूलने की मांग करेंगे, क्योंकि उन्होंने पिछले पांच वर्षों में नियमों के कार्यान्वयन के संबंध में कुछ नहीं किया है। साथ ही इन आवारा कुत्तों को खाना खिलाने वालों पर भी जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की जाएगी। अगर आपको इन जानवरों से इतना प्यार है, तो आप उन्हें अपने घर क्यों नहीं ले जाते? ये कुत्ते इधर-उधर क्यों घूमते हैं, लोगों को काटते हैं और डराते हैं?'

न्यायमूर्ति मेहता ने न्यायमूर्ति नाथ के विचारों से सहमति जताते हुए कहा, 'जब कुत्ते 9 साल के बच्चे पर हमला करते हैं तो किसे जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए?

# क्विक कॉमर्स पर सरकार की सख्ती: 10 मिनट की डिलीवरी डेडलाइन खत्म

**नई दिल्ली।** भारत के तेजी से बढ़ते क्विक कॉमर्स सेक्टर में एक बड़े नीतिगत बदलाव के तहत, केंद्र सरकार ने '10 मिनट की डिलीवरी' की अनिवार्य समय सीमा को समाप्त करने का निर्देश दिया है। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया के हस्तक्षेप के बाद, ब्लिंकिट, जेप्टो, जोमैटो और स्विगी जैसे प्रमुख एग्रीगेटर्स ने इस दबावपूर्ण डेडलाइन को हटाने पर सहमति व्यक्त की है। यह कदम सीधे तौर पर लाखों 'गिग वर्कर्स' की सुरक्षा और उनके कामकाजी हालातों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है।




सरकार के इस निर्देश का असर धरातल पर दिखने लगा है। सूत्रों के अनुसार, ब्लिंकिट ने अपनी ब्रांडिंग से '10 मिनट' का वादा हटा दिया है। कंपनी ने अपनी प्रमुख टैगलाइन को बदलकर अब ₹30,000 से अधिक उत्पाद आपके दरवाजे पर वितरित₹ कर दिया है, जो पहले ₹10 मिनट में 10,000 से अधिक उत्पाद₹ हुआ करती थी।

इस नीतिगत बदलाव के पीछे मुख्य कारण डिलीवरी पार्टनर्स पर पड़ने वाला मानसिक और शारीरिक दबाव है। सार्वजनिक मंचों पर यह बहस तेज थी कि अत्यधिक दबाव और कभी-कभी खराब मौसम की स्थिति में ये कर्मचारी 'दर्द और दुख' का सामना करते हैं।

संसद के हालिया सत्र में भी क्विक कॉमर्स कंपनियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए गए थे। आम आदमी पार्टी (अआढ) के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने गिग वर्कर्स के लिए उचित वेतन, सम्मान और सुरक्षा की मांग करते हुए नियामक ढांचे की आवश्यकता पर जोर दिया था। उन्होंने तर्क दिया कि ऐप-आधारित डिलीवरी व्यवसायों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने के लिए जवाबदेह बनाया जाना चाहिए।

गिग और प्लेटफॉर्म वर्कर्स के हितों की रक्षा के लिए सरकार ने कानूनी मोर्चे पर भी तैयारी पूरी कर ली है-

सोशल सिक्योरिटी कोड 2020: यह कोड 21 नवंबर, 2025 से प्रभावी हो गया है, जिसमें पहली बार 'गिग वर्कर्स' और 'प्लेटफॉर्म वर्कर्स' को स्पष्ट रूप से परिभाषित किया गया है।

कल्याणकारी योजनाएं: इस कोड के तहत जीवन और विकलांगता कवर, दुर्घटना बीमा, स्वास्थ्य और मातृत्व लाभ, और वृद्धावस्था के दौरान संरक्षण जैसे सामाजिक सुरक्षा उपाय शामिल किए गए हैं।

सोशल सिक्योरिटी फंड: कल्याणकारी योजनाओं के वित्तपोषण के लिए एक समर्पित सामाजिक सुरक्षा कोष और एक राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड की स्थापना का प्रावधान किया गया है।

# ठंड का दंड और प्रदूषण का वार

## बेहद खराब श्रेणी में पहुंची फिजा

### दिल्ली : एक्यूआई 328 दर्ज



**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में इन दिनों कड़ाके की ठंड के साथ ही प्रदूषण का डबल अटैक जारी है। आज दिल्ली की हवा फिर से बेहद खराब श्रेणी में पहुंच गई है। एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मंगलवार सुबह दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 328 दर्ज किया गया है, जो 'बेहद खराब' श्रेणी में आता है।

वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों से पता चलता है कि दिल्ली के विभिन्न इलाकों में एक्यूआई का स्तर काफी अधिक है। सीपीसीबी के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के अलीपुर में 322, आनंद विहार में 411, अशोक विहार में 366, आया नगर में 293, बवाना में 378, बुराड़ी में 310, और चांदनी चौक इलाके में 380 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू इलाके में 341, द्वारका सेक्टर-8 में 384, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 में 303, आईटीओ में 340, जहांगीरपुरी में 375, लोधी रोड में 269, मुंडका में 370, नजफगढ़ में 295, नरेला में 367, पंजाबी बाग में 360, आरकेपुरम में 365, रोहिणी में 397, सोनिया विहार में 334, विवेक विहार में 366, और वजीरपुर में 375 एक्यूआई दर्ज किया गया है।

प्रदूषण के इस बढ़ते स्तर का सीधा असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है, खासकर बुजुर्गों और बच्चों के लिए यह स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। सांस संबंधी बीमारियों में वृद्धि और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा बढ़ जाता है।

**दो साल का सर्दी का रिकॉर्ड टूटा**

पहाड़ों से आ रही बर्फीली हवाओं के बीच गिरते पारे ने कमरे के भीतर बैठे लोगों के शरीर में सिहरन दौड़ा दी है। सोमवार को बीते दो साल का सर्दी का रिकॉर्ड टूट गया। इस दौरान न्यूनतम पारा 3.2 डिग्री रहा। सीजन की आधिकारिक तौर पर पहली शीतलहर भी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, जहां साल 2024 में 15 जनवरी को 3.3 न्यूनतम तापमान और साल 2025 में 9 जनवरी को 4.8 डिग्री पारा दर्ज किया गया था। सोमवार सुबह 3 डिग्री सेल्सियस से भी नीचे लुढ़के पारे ने लोगों की कंपकंपी छुड़ा दी। हालांकि, दोपहर आते-आते सूर्यदेव ने दर्शन दिए, इससे लोगों को कुछ राहत मिली।

# यूपी में एसआईआर: तिवारी के घर के पते पर फैज मोहम्मद... एक ही घर में 49 लोगों के नाम, किसने भरा मृतकों का फार्म?

**कानपुर देहात।** अनंतिम विधानसभा मतदाता सूची में छह जनवरी को जारी की गई है। सूची में हैरान करने वाली खामियां सामने आ रही हैं। कहीं तिवारी जी के मकान में मोहम्मद साहब दर्ज हैं तो कहीं शर्मा जी के घर में त्रिपाठी जी रहते दिखाए गए हैं। एक घर में कहीं 18 तो कहीं 49 या इससे अधिक लोग रहते दिखाए गए हैं।



वहीं एक ही घर में रहने वाले परिवार के सदस्यों के नाम अलग-अलग बूथों पर दर्ज हैं। कई मृतकों के नाम भी शामिल हैं। मृतकों का एसआईआर फार्म किसने भरा। परिजन इससे अनजान हैं। खामियां इतनी ज्यादा है कि बीएलओ बताने से बच रहे हैं।

विधानसभा क्षेत्र अकबरपुर-रनियां के दिनेश तिवारी 52 साल के हैं। उनके परिवार में पांच मतदाता हैं। उनके ही घर के पते पर तीन अन्य मतदाता दिख रहे हैं। इसमें फैज मोहम्मद का नाम भी है। अन्य तीन मतदाता फैज मोहम्मद के परिवार के ही हैं। चौथा मतदाता किस परिवार का है यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। अब दिनेश घर पर दर्ज खान साहब के नाम को लेकर चिंतित हैं।

अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र के धर्मेंद्र शर्मा 39 साल के हैं। उनके परिवार में पत्नी समेत पांच सदस्य हैं। उनके ही घर के पते पर 48 अन्य मतदाता भी कच्ची मतदाता सूची में दिख रहे हैं। इसमें कोई त्रिपाठी, वर्मा और कुशवाहा भी हैं। अब धर्मेंद्र मतदाता सूची में इस स्थित से चिंतित हैं।

अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र की मसौदा सूची में आशीष (51) को उनकी पत्नी अनुराधा से अलग घर में दर्शाया गया है। कारोबारी आशीष के परिवार में सात मतदाता हैं। मां, भाइयों व उनकी पत्नियों समेत छह नाम एक घर के पते पर हैं, जबकि उनकी पत्नी का नाम दूसरे के घर के पते पर है।

मतदाता सूची में एक मकान नंबर पर यदि अधिक संख्या में मतदाता हैं तो ऐसे प्रकरणों की जांच कराई जाएगी। गलती से अनंतिम सूची में मृतकों के नाम दर्ज हैं तो फार्म-7 भरकर ये नाम खारिज किए जाएंगे। इस सूची में परिवार के सदस्यों के बिखराव की स्थिति 89 बूथ बढ़ने से हुई है। इसमें सुधार किया जाएगा।- कपिल सिंह, डीएम /जिला निर्वाचन अधिकारी

**साल भर पहले दिवंगत तो किसने भरा एसआईआर फॉर्म :** रूरा के शास्त्रीनगर निवासी रजनीकांत का निधन 19 अगस्त 2024 को हो गया चुका है। कच्ची सूची में उनका नाम दर्ज है। बीएलओ ने घर-घर फॉर्म बांटे। भरे फार्म जमा कराए और एप पर डिजिटाइज किए। सवाल यह है कि दिवंगत का एसआईआर फॉर्म किसने भरा।

एसआईआर से पहले दिवंगत फिर भी कच्ची सूची में नाम दर्ज

अकबरपुर-रनियां विधानसभा की कच्ची मतदाता सूची में रूरा के गणेशगंज निवासी सूर्यमुखी का नाम दर्ज है। बीमारी के चलते सूर्यमुखी का निधन 27 नवंबर 2025 को हो चुका है। बीते साल चार दिसंबर 2025 को एसआईआर शुरू हुआ। इसके बाद भी कच्ची सूची में मृतक का नाम दर्ज है।

# दिल्ली हाईकोर्ट का बड़ा फैसला: ईडब्ल्यूएस के लिए मुफ्त इलाज की आय सीमा बढ़ी



## अब पांच लाख तक वालों को मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त करने हेतु वार्षिक आय सीमा को बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। इस फैसले से उन लाखों लोगों को बड़ी राहत मिलेगी जो पहले इस श्रेणी में नहीं आते थे, लेकिन अब नई आय सीमा के दायरे में आ जाएंगे।

न्यायमूर्ति प्रतिभा एम. सिंह और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोरा की पीठ ने इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि यह सुविधा दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दरों पर आवंटित भूमि पर बने निजी अस्पतालों में उपलब्ध होगी। यह आदेश आठ जनवरी को पारित किया गया, जब दिल्ली सरकार ने सूचित किया कि सक्षम प्राधिकारी ने ईडब्लूएस के लिए आय मानदंड को मौजूदा 2.20 लाख रुपये वार्षिक से बढ़ाकर पांच लाख रुपये वार्षिक करने को मंजूरी दे दी है।

अदालत ने कहा कि दिल्ली में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठाने के इच्छुक सभी व्यक्ति अब आवश्यक पूर्व-शर्तों को पूरा करने पर पांच लाख रुपये के ईडब्ल्यू मानदंड के तहत लाभ लेने के हकदार होंगे। यह वृद्धि दिल्ली के सभी सरकारी अस्पतालों और रियायती दरों पर आवंटित भूमि पर बने सभी चिन्हित निजी अस्पतालों पर लागू होगी, जहां ईडब्ल्यूएस मानदंड लागू होते हैं।

यह कदम स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच को बेहतर बनाने और जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। सरकार ने अधिकारियों को इस वृद्धि के बारे में पर्याप्त प्रचार करने का निर्देश दिया है ताकि नागरिक इसका लाभ उठा सकें।

# 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते जन-धन योजना ने बदला भारत

**नई दिल्ली।** भारत की महत्वाकांक्षी वित्तीय समावेशन मुहिम ने करोड़ों नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण आबादी के आर्थिक जीवन को मौलिक रूप से बदल दिया है। 'ग्लोबल इंक्लूसिव फाइनेंस समिट' में बोलते हुए वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के शुभारंभ को भारत के इतिहास के 'सबसे परिवर्तनकारी दिनों में से एक' बताया।




नागराजू ने खुलासा किया कि इस योजना के माध्यम से अब तक 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें से 72 प्रतिशत खाते ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लैंगिक समानता के मोर्चे पर देखा गया है, जहाँ अब 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जिसने खाता स्वामित्व के मामले में महिला-पुरुष के अंतर को समाप्त कर दिया है। नागराजू के अनुसार, इससे ग्रामीण महिलाओं में खुद को आर्थिक विकास में समान हितधारक समझने का आत्मविश्वास और सशक्तिकरण बढ़ा है।

डिजिटल लेनदेन और जमा राशि में रिकॉर्ड वृद्धि वित्तीय आंकड़ों के अनुसार- पीएमजेडीवाई खातों में जमा राशि 2.29 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंच गई है, जो इसे दुनिया की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश पहल बनाती है।

बैंकिंग सेवाओं को गांवों तक पहुँचाने के लिए 6 लाख बैंकिंग कॉरेस्पोंडेंट सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं।

भारत वर्तमान में वैश्विक रीयल-टाइम भुगतान के लगभग 50 प्रतिशत हिस्से के साथ डिजिटल लेनदेन में दुनिया का नेतृत्व कर रहा है।

यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि दिसंबर 2024 में इसने 21 बिलियन से अधिक लेनदेन संसाधित किए, जो कार्ड लेनदेन की तुलना में 101 प्रतिशत अधिक है।

# 'हमने पाकिस्तान की गीदड़भभकी की हवा निकाली', सेना प्रमुख

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना की कार्रवाई को लेकर भारत के थल सेना प्रमुख ने अहम बयान दिया। उन्होंने सैन्य कार्रवाई-ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने सुरक्षा चुनौतियों से निपटने में भारत की तत्परता और रणनीतिक स्पष्टता को दिखाया है। देश की उत्तरी सीमा पर मौजूदा स्थिति के बारे में सेना प्रमुख ने कहा, फिलहाल हालात स्थिर बने हुए हैं लेकिन सुरक्षाबलों का निरंतर सतर्क रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि सेना और आम नागरिकों के बीच विश्वास बढ़ाने के उपायों से स्थिति में धीरे-धीरे सुधार हो रहा है।

**नाम परिवर्तन**

सार्वजनिक सूचना के लिए सूचित किया जाता है कि मेरा पूर्व नाम धर्मेंद्र यादव था, जिसे मैंने विधिवत रूप से बदलकर अब धर्मेंद्र सिंह कर लिया है।
मेरा पता R-14/80, राजनगर, गाजियाबाद है तथा मेरे पिता का नाम नंद किशोर है।
भविष्य में मेरे नए नाम धर्मेंद्र सिंह से ही सभी सरकारी, गैर-सरकारी एवं अन्य कार्यों में जाना जाए।

**NAME CHANGED**

Name changed 1, AVANEESH KUMAR S/O CHARAN SINGH residing at Gram Pathak Pura, Jaswant Nagar, Dist: Etawah, Uttar Pradesh, have changed the name of my minor daughter AARADHYA aged 13 years and she shall hereafter be known as SAKSHI YADAV.

# केरल के बाद अब बंगाल में फैला 'निपाह'

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि देश के विभिन्न हिस्सों में संक्रामक बीमारियों का प्रकोप तेजी से बढ़ा है। फ्लू का संक्रमण हो या फिर ब्रेन ईटिंग अमीबा के मामले, पिछले साल कई तरह के संक्रामक रोग अक्सर सुर्खियों में रहे। जुलाई-अगस्त 2025 में दक्षिणी राज्य केरल में निपाह वायरस के मामलों ने खूब परेशान किया। खबरों के मुताबिक अब पश्चिम बंगाल में भी निपाह का संक्रमण सामने आया है, जिसने स्वास्थ्य विशेषज्ञों को अलर्ट कर दिया है।



हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पश्चिम बंगाल में दो संदिग्ध निपाह मामलों की पुष्टि हुई। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने एक संयुक्त टीम को रवाना कर दिया। टीम राज्य सरकार के साथ मिलकर निगरानी, सैंपल जांच, संक्रमण रोकथाम और केस मैनेजमेंट में सहयोग करेगी।

निपाह संक्रमण को कई मामलों में काफी खतरनाक माना जाता है, आइए इसका कारण जान लेते हैं।

फिलहाल पश्चिम बंगाल की बात करें तो मीडिया रिपोर्ट्स के मताबिक दोनों प्रभावित एक प्राइवेट अस्पताल के मेडिकल स्टाफ हैं। दोनों की उम्र 22 से 25 साल के बीच है। मुख्य सचिव ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग ने कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग शुरू कर दी है। अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि दोनों व्यक्तियों को वायरस का संक्रमण कैसे हुआ और कौन से लोग उनके संपर्क में आए थे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने निपाह वायरस को लेकर पहले से जारी दिशानिदेर्शों को फिर जारी करते हुए पश्चिम बंगाल और आसपास के राज्यों को अलर्ट पर रहने के लिए कहा है।

**निपाह संक्रमण कई मामलों में काफी खतरनाक**

निपाह वायरस एक जूनोटिक बीमारी है, जो न सिर्फ काफी तेजी से फैलती है बल्कि इससे संक्रमितों में मौत का खतरा भी अधिक देखा जाता रहा है। जूनोटिक रोग उन संक्रामक बीमारियों को कहा जाता है जो जानवरों से इंसानों में फैलती हैं। ये वायरस, बैक्टीरिया, परजीवी या कवक जैसे सूक्ष्मजीवों के कारण होती हैं। ये वायरस मुख्य रूप से चमगादड़ों के संपर्क से फैलता है।

कुछ मामलों में सुअर, बकरी, घोड़े जैसे अन्य जानवरों के माध्यम से भी इसका संक्रमण हो सकता है। संक्रमित जानवरों के संपर्क में रहने वालों में इस संक्रमण का खतरा अधिक देखा जाता है।

संक्रमित जानवर के शारीरिक तरल पदार्थ (रक्त, मल, पेशाब या लार) के माध्य से इसका संक्रमण इंसानों को हो सकता है। ये संक्रमण एक से दूसरे व्यक्ति में भी तेजी से फैलता है जिससे कम समय में इससे अधिक से अधिक लोगों के शिकार होने का खतरा रहता है। इस संक्रमण के कारण मौत का भी खतरा अधिक होता है। इसका मृत्युदर 40-75 फीसदी के बीच देखा जाता रहा है।

निपाह वायरस इसलिए भी काफी खतरनाक माना जाता रहा है क्योंकि इससे दिमाग में गंभीर सूजन होने का जोखिम रहता है जिसे एन्सेफलाइटिस कहते हैं। इसके कारण बुखार, सिरदर्द, कन्फ्यूजन, दौरे पड़ने और गंभीर न्यूरोलॉजिकल क्षति का भी जोखिम रहता है।

यही कारण है कि संक्रमितों को त्वरित रूप से उपचार उपलब्ध कराना जरूरी हो जाता है। निपाह संक्रमितों को शुरूआत में फ्लू जैसे लक्षण होते हैं। इसमें में खांसी और गले में खराश से लेकर तेजी से सांस लेने, बुखार-मतली और उल्टी जैसी गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल समस्याएं हो सकती हैं।

ये वायरस फेफड़ों और मस्तिष्क को भी अटैक कर सकता है।

**भारतगैस ग्राहकों के सूचना हेतु**

दिनांक 09.01.2026 से मेसर्स प्रभुद्ध भारतगैस,थोरा, जेवर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश एजेंसी के सभी उपभोक्ताओ को एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति निम्नलिखित एजेंसी से की जाएगी।

| नए एलपीजी वितरक का नाम | फोन नंबर | पता | ईमेल आईडी |
|---|---|---|---|
| मेसर्स रतन भारतगैस | 9599479469, 9690353513 | झाझर, जेवर, गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश | ratan_noida@bharatgas.in |

इससे संबन्धित अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-

प्रादेशिक कार्यालय : लोनी एलपीजी टेरिटरी,भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड,डाकघर – लोनी, पिन – 201102,जिला – गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश),दूरभाष : 0120-2683002 / 3003 / 3005 / 3025 / 3074 / 2904064,फैक्स : 0120-2683005

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 14 जनवरी -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# जनप्रतिनिधियों को लगता है अपने प्रतिनिधियों का साथ इतना प्यारा कोई कुछ भी कह ले मगर होता नहीं है इनके बिना गुजारा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनीति में जनता अपना प्रतिनिधि चुनती है और फिर कुछ परिस्थितियां ऐसी बनती हैं कि जनता के चुने हुए प्रतिनिधि जनता के लिए ही अपना एक प्रतिनिधि बना देते हैं। इसके पीछे मंशा भी फेयर है और वो ये है कि किसी भी वजह से अगर जनप्रतिनिधि कहीं व्यस्त हैं तो जनप्रतिनिधि के आवास पर या उनके कार्यालय पर आये जनता के किसी भी व्यक्ति को निराशा ना हो। प्रतिनिधि उस बात को सुने। समस्या के समाधान के लिए प्रयास करे और जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों का व्यवहार ऐसा होना चाहिए कि किसी भी व्यक्ति को ऐसा लगे कि वो वास्तव में जिस काम से आया है उस काम की दिशा में प्रगति हुई है। हालांकि यहां पर कई बार कुछ लोग इस बात को लेकर नाराज भी होते हैं। वो ये मानते हैं कि हमने तो वोट जनप्रतिनिधि को दिया था तो हम उनके प्रतिनिधि से क्यों बात करें। लेकिन अगर जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों की कार्यशैली देखी जाये तो एक तरह से जनता को ही सपोर्ट करते हैं। लेकिन कई बार किन्हीं मामलों में ऐसा हो जाता है कि बातें बाहर आती हैं। कई बार कोई विधिवत घोषित प्रतिनिधि नहीं है लेकिन अगर जनप्रतिनिधि नहीं है तो वो ऑन बिहाफ ऑफ जनप्रतिनिधि जनता की बात को सुन लेता है। वो एहसास करा देते हैं कि अगर जनप्रतिनिधि नहीं है तो भी आप उनके आवास पर आये हो तो आपको खास ट्रीटमेंट भी मिलेगा।

आपकी बात भी सुनी जायेगी और समस्या का समाधान भी होगा। इस कड़ी में आज लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, पूर्व राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा, एमएलसी दिनेश गोयल, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की बात होगी।

## विरोधियों को भी मिठाई और पानी, नहीं है राजेन्द्र मित्तल का कोई सानी




करंट क्राइम। जनप्रतिनिधियों के प्रतिनिधियों की बात करें तो यहां नंबर वन रैंक पर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले हैं। वो तब से प्रतिनिधि हैं जब अतुल गर्ग विधायक थे। फिर वो खाद्य एवं रसद राज्यमंत्री बने। फिर वो स्वास्थ्य मंत्री बने और आज जब अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं तो राजेन्द्र मित्तल ही उनकी अनुपस्थिति में कार्यालय पर बैठकर आने वाले लोगों की बात सुनते हैं। प्रार्थना पत्र रिसीव करते हैं। एक ऐसे प्रतिनिधि हैं जो हर विधि से आवास पर आये किसी भी व्यक्ति की बात को सुनते हैं। जरूरत पड़ने पर विवेक से काम लेते हुए अधिकारियों को फोन भी मिलाते हैं। सामने वाले की समस्या से अवगत भी कराते हैं। इतिहास गवाह है कि जब बिजली वाली मांग को लेकर समाजवादी कार्यकर्ता अतुल गर्ग के आवास पर धरना देने और नारेबाजी करने गये थे तब यहां राजेन्द्र मित्तल मैदी वालों ने फील गुड कराया था।
पुलिस को हस्तक्षेप करने से रोका और द्वार पर आये विरोधियों को भी पानी पिलाया और मिठाई खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया था। दिल्ली गेट वाले दफ्तर से लेकर कविनगर वाले सांसद आवास पर वो नियमित रूप से बैठते हैं। बेहद विनम्र व्यवहार उनका है और सबसे बड़ी बात ये है कि वो अपनी मर्यादाओं से बाहर नहीं आते हैं। जानते हैं कि किस तरह से दायरे में रहकर काम करना है। हालांकि उनके विरोधी समय समय पर कुछ ना कुछ आरोप भी लगाते हैं। लेकिन ये ऐसा व्यक्तित्व है कि पूरे भाव के साथ जनता के काम कराते हैं।

## कैबिनेट मंत्री के दफ्तर की कमान हरीश चंद्र शर्मा के हाथो में




करंट क्राइम। एक दौर था जब विधायक रहते हुए सुनील शर्मा ने अपने 70 से अधिक प्रतिनिधि बनाये थे। लेकिन उसके बाद उन्होंने इस परिपाटी को नहीं दोहराया। आज भी उनके कार्यालय में हरीश चंद्र शर्मा पूरी कमान संभालते हैं लेकिन ऑफिशियली वो प्रतिनिधि नहीं है। लेकिन दिशा की बैठक से लेकर अन्य बैठकों में जब हरीश चंद्र शर्मा गये हैं तो वो वहां प्रतिनिधि के रूप में ही गये हैं। बड़ी विधानसभा और बड़ी जिम्मेदारियों को सुनील शर्मा के प्रतिनिधि हरीश शर्मा पूरी ईमानदारी से संभालते हैं। अपने शब्दों से, व्यवहार से सभी के प्रिय हैं और उनकी भी खूबी ये है कि वो भी एक गाईड लाईन साथ लेकर चलते हैं। उन्हें शब्दों का ताप पता है। उन्हें ये भी पता है कि कौन पार्टी का कार्यकर्ता है कौन जनता का व्यक्ति है और सभी के साथ उनका व्यवहार मधुर रहता है। अब अगर कोई व्यक्ति विधायक की अनुपस्थिति में मंत्री जी की अनुपस्थिति में दफ्तर से अच्छे से संभाल ले तो फिर सीधी सी बात है कि साथ भी प्यारा लगेगा और ऐसे व्यक्ति के बिना गुजारा भी नहीं होगा।

## पूर्व सांसद अनिल अग्रवाल के वर्तमान सहयोगी वाले रोल में राहुल गोयल

करंट क्राइम। अनिल अग्रवाल का पोलिटिक्ल शिजरा बताता है कि जब वो राज्यसभा सांसद थे तब उनके अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में पालीवाल का नाम दर्ज था। वैसे उन्होंने अशोक संत से लेकर गुलशन भामरी तक कई प्रतिनिधि बनाये। कुछ को उन्हें मजबूरी में पद से हटाना भी पड़ा। लेकिन अब जो प्रमुख चेहरा सहयोगी के रूप में है वो राहुल गोयल का है। राहुल गोयल रेलवे उपभोक्ता बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य भी रहे हैं। हर मौके पर वो उनके साथ रहते हैं। सोशल मीडिया पर फोटो फ्रेम में राहुल गोयल प्रमुखता से हैं।




## विधायक अजीत पाल त्यागी के विधानसभा सहयोगी अंकुश अरोड़ा




करंट क्राइम। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी हैं। देहात से लेकर शहरी क्षेत्र तक उनकी जबरदस्त पकड़ है। हजारो नाम जुबानी याद हैं और सामने वाले का चेहरा देखकर उसका गांव बता सकते हैं। अधिकांश फैसले खुद लेते हैं और जनता से लगातार मिलते हैं। परन्तु किसी अति व्यस्तता के कारण अगर वो नहीं मिल पाते हैं तो यहां उनके विश्वस्त सहयोगी के रूप में अंकुश अरोड़ा का नाम आता है। अंकुश अरोड़ा भाजपा कार्यकर्ता हैं और वो विधानसभा के रूटीन कामकाज से भलिभांति परिचित हैं। विधायक जी के दिशा निर्देशों को बखूबी समझते हैं और विधायक जी की दी गई गाईड लाईन से बाहर नहीं जाते हैं। विधानसभा के लोग जब आवास पर पहुंचते हैं तो यहां विधायक जी की अनुपस्थिति में अंकुश अरोड़ा नजर आते हैं। बेहद व्यवहार कुशल युवा हैं और जनता के काम आते हैं। आलोचनाओं के दायरे से बाहर जाकर काम करते हैं और सबसे बड़ी विशेषता ये है कि उनके शब्द नपे तुले होते हैं और व्यवहार कुशल रहते हैं।

## शहर विधायक के मीडिया सलाहकार अजय चोपड़ा का रोल

करंट क्राइम। शहर विधायक संजीव शर्मा शेष कार्यकाल के लिए विधायक बने हैं और ऐसे विधायक बने हैं जो रोजाना अपने घर पर नियमित रूप से जनता से मिलते हैं। समस्यायें सुनते हैं उसके बाद अपने कार्यालय पर मिलते हैं और समाधान करते हैं। लेकिन शहर विधायक के आस-पास चार चेहरे खासतौर से नजर आते हैं। इनमें दो चेहरे ऐसे हैं जो विधायक जी का फोन भी उठाते हैं और विधायक जी के साथ ही नजर आते हैं। मीडिया प्रभारी के रूप में अजय चौपड़ा और दूसरे चेहरे के रूप में धर्मेन्द्र कुमार हैं। जनता से कितनी कनैक्टिविटी है ये तो जनता बतायेगी। फिलहाल ये दो चेहरे जनमानस में विधायक प्रतिनिधि के रूप वाली पहचान ले चुके हैं। यहां पर खास बात ये भी है कि जनप्रतिनिधि के रूप में विधायक संजीव शर्मा ही हमेशा जनता के बीच रहते हैं। सुबह सवेरे उपलब्ध हैं और सीधा संवाद करते हैं। ऐसे में अन्य के लिए ज्यादा गुंजाईश रह नहीं जाती है।




## मंत्री प्रतिनिधि के रूप में मिलते हैं सौरभ जायसवाल

करंट क्राइम। नरेन्द्र कश्यप एमएलसी हैं और वो सरकार में राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार हैं। ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष हैं। उनके प्रतिनिधि की बात करें तो यहां पर सौरभ जायसवाल विधिवत घोषित मंत्री प्रतिनिधि हैं। वो ही आवास पर मिलते हैं और जनता की समस्याओं को सुनते हैं। मंत्री जी तक पहुंचाते हैं। कई मामलों में वो जनता की मदद भी करते हैं। सौरभ जायसवाल काफी समय से इस काम को संभाल रहे हैं। हालांकि मंत्री जी के आस-पास उनके पुत्र डॉक्टर सागर कश्यप और पुराने सहयोगी पवन कश्यप भी रहते हैं। लेकिन मंत्री प्रतिनिधि वाला दायित्व केवल सौरभ जायसवाल के पास है और वो इस जिम्मेदारी को पूरा कर रहे हैं।




## एमएलस दिनेश गोयल के सबसे विश्वस्त और पुराने सहयोगी अमित डेढ़ा

करंट क्राइम। एमएलस दिनेश गोयल के प्रतिनिधि की बात करें तो यहां अमित डेढ़ा का नाम आता है। बेहद व्यवहारकुशल युवा हैं और एमएलसी दिनेश गोयल के विश्वास पात्र चेहरों में से एक हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि वो एमएलसी प्रतिनिधि होते हुए भी हमेशा एक दायरे में रहते हैं। जनता से जुड़ी सभी बातों का ध्यान रखते हैं। क्षेत्र की समस्याओं का पता है और एमएलसी दिनेश गोयल के दिशा निर्देशों पर वो काम करते हैं। एमएलसी दिनेश गोयल के बेहद पुराने सहयोगी हैं। काफी समय से उनके साथ हैं और मिलनसार तथा मृदुभाषी युवा अमित डेढा भी ऐसे प्रतिनिधि कहे जा सकते हैं जिनका साथ भी एमएलसी दिनेश गोयल को प्यारा लगता है और जिनके बिना गुजारा भी मुश्किल लगता है।




# अगर गाजियाबाद में टैक्स बढ़ सकता है तो क्या गोरखपुर या कन्नौज में भी नगर निकायों ने उतना ही टैक्स बढ़ाया है: बालेश्वर त्यागी

## 'आम लोगों को लगता है कि जनप्रतिनिधि टैक्स के मामले में गंभीर नहीं'






### पांच प्रमुख बातें

**1 टैक्स बढ़ा तो जिम्मेदारी तय होनी चाहिए**
अगर हाउस टैक्स यही रहना है तो जनप्रतिनिधियों को खुलकर इसकी जिम्मेदारी लेनी होगी और चुनाव में मतदाताओं को बताना पड़ेगा कि तीन हजार से तीस हजार तक टैक्स क्यों पहुँचा।

**2 मुख्यमंत्री और प्रभारी मंत्री के सामने मुद्दा क्यों नहीं उठा**
योगी जी के गाजियाबाद दौरे और प्रभारी मंत्री की मौजूदगी में किसी जनप्रतिनिधि द्वारा बढ़े टैक्स और जन-असंतोष का मुद्दा न उठाना गंभीर सवाल खड़े करता है।

**3 दोहरे मापदंड पर सवाल**
अगर गाजियाबाद में टैक्स बढ़ सकता है तो क्या गोरखपुर या कन्नौज में भी नगर निकायों ने उतना ही टैक्स बढ़ाया है? अगर नहीं, तो गाजियाबाद के साथ अलग व्यवहार क्यों? प्रभारी मंत्री अपने गृह जनपद की नगर पालिका में बताएँ कि वहां हाउस टैक्स कितना बढ़ाया गया है।

**4 अधिकारी बनाम बोर्ड का टकराव**
नगर निगम बोर्ड टैक्स न बढ़ाने का निर्णय ले चुका है, इसके बावजूद अधिकारी कोर्ट का बहाना बनाकर बोर्ड के निर्णय को लागू नहीं कर रहे हैं और जनता से बढ़ा हुआ टैक्स वसूल रहे हैं।

**5 नुकसान अंतत: जनप्रतिनिधियों का ही होगा**
अगर जनता में यह धारणा बनी कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के निर्णय के विपरीत काम कर रहे हैं और जनप्रतिनिधि कुछ नहीं कर पा रहे, तो राजनीतिक नुकसान भी जनप्रतिनिधियों को ही उठाना पड़ेगा।

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के जनप्रतिनिधियों को अब हाउस टैक्स का निर्णय करना चाहिए। अगर टैक्स यही रहना है तो प्रतिनिधियों को टैक्स बढ़ाने की जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। जिन जिन जनप्रतिनिधियों को चुनाव लड़ना है, उनको चुनाव में मतदाता को बताना पड़ेगा कि तीन हजार रुपए से एकदम तीस हजार रुपए टैक्स क्यों हो गया? योगी जी दो या तीन बार गाजियाबाद आ चुके हैं।

क्या किसी जनप्रतिनिधि ने उनके सामने बढ़े टैक्स का मामला उठाया? क्या जब प्रभारी मंत्री गाजियाबाद में पधारे क्या किसी जनप्रतिनिधि ने उन्हें बढ़े टैक्स और उससे उत्पन्न जन असंतोष की बात उठाई?

प्रभारी मंत्री जी कन्नौज से माननीय विधायक हैं। क्या वह बता सकते हैं कि कन्नौज में नगर पालिका ने कितना टैक्स बढ़ाया है। अगर माननीय मुख्य मंत्री जी चाहते हैं कि टैक्स बढ़े तो क्या गोरखपुर नगर निगम ने भी गाजियाबाद नगर निगम जितना टैक्स बढ़ाया है?

अगर सच में योगी जी इस बात से सहमत हैं कि जनता पर टैक्स बढ़ना चाहिए तो फिर क्या प्रदेश सरकार इस बजट में प्रदेश की जनता पर टैक्स बढ़ाएगी। बजट के बाद वित्त मंत्री जी और मुख्य मंत्री 'नो टैक्स' का बजट बताकर वाहवाही लूटेंगे और अधिकारियों को टैक्स बढ़ाने का गुरु मंत्र फूंक कर मेयर को अलोकप्रिय निर्णय लेने का भार क्यों डाल रहे हैं।

सच्चाई ये है कि अधिकारी अपनी वाहवाही के लिए टैक्स बढ़ाने पर तुले हैं। जबकि बोर्ड टैक्स न बढ़ाने का निर्णय ले चुका है।

अधिकारी कोर्ट में केस होने का बहाना लेकर बोर्ड निर्णय को लागू करने से बच रहे हैं। प्रभारी मंत्री को चाहिए था कि वे घोषणा कराते कि बोर्ड के निर्णय के अनुसार गृहस्वामी टैक्स का भुगतान करें।

कोर्ट में दायर याचिका स्वतः निष्प्रभावी हो जाती। अगर नगर निगम के अधिकारी कोर्ट में कहते कि बोर्ड ने टैक्स बढ़ाने का निर्णय निरस्त कर दिया और गृह स्वामियों को पुरानी दरों से कर का भुगतान करना है तो भी याचिका स्वतः निष्प्रयोज्य हो जाती। कोर्ट में याचिका लंबित होने का बहाना बनाकर मतदाताओं को मूर्ख बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं जनता इसे भली प्रकार समझ रही है।

मैं जनप्रतिनिधियों से विनम्रता से कहना चाहता हूं कि अगर जनता में ये संदेश गया कि नगर निगम में अधिकारी जनप्रतिनिधियों के निर्णय के विपरीत जनता से टैक्स वसूल रहे हैं तो भी जनप्रतिनिधियों की ही हेटी होगी। आम लोगों को लगता है कि जनप्रतिनिधि टैक्स के मामले में गंभीर नहीं हैं। नहीं तो जनप्रतिनिधियों के लिए उनके निर्णय की अवहेलना करने वाले अधिकारी को हटवाना कोई बड़ी बात नहीं होती।

गाजियाबाद की भाजपा के लिए तो लगता है कि ये कोई समस्या ही नहीं है।



## संपादकीय

# अल्पसंख्यकों पर बढ़ता खतरा

पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे लक्षित हमलों के बीच अब पाकिस्तान में एक हिंदू किसान की गोली मार कर हत्या कर देने की घटना ने दुनिया भर में अल्पसंख्यकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी है। इससे पहले कनाडा और आस्ट्रेलिया जैसे देशों में भी भारतीय मूल के लोगों विशेषकर हिंदुओं के साथ भेदभाव और नस्ली हमलों की खबरें आती रही हैं।

पाकिस्तान के सिंध प्रांत में जिस हिंदू व्यक्ति की हत्या की गई, वह आर्थिक रूप से कमजोर था। इस घटना से वहां हिंदू समुदाय के लोगों में आक्रोश है। गौरतलब है कि पाकिस्तान में हिंदू समुदाय के लोगों को जबरन धर्मांतरण और भूमि संबंधी विवादों का अक्सर सामना करना पड़ता है। उन्हें अपनी सुरक्षा और नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ता है, जिसकी कीमत कई बार जान देकर चुकानी पड़ती है। पड़ोसी देशों में जिस तरह से अल्पसंख्यकों को लगातार निशाना बनाया जा रहा है, वह न केवल सांप्रदायिक उन्माद फैलाने का प्रयास है, बल्कि नागरिकों के जीने के अधिकार का भी उल्लंघन है। मौजूदा वैश्विक परिदृश्य में अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अल्पसंख्यक नागरिकों खासकर हिंदुओं की सुरक्षा और उनके मौलिक अधिकारों के लिए आवाज उठाना अब जरूरी हो गया है। इस तरह की घटनाओं की निंदा करने और सिर्फ चिंता जताने भर से बात नहीं बनेगी। यह सच है कि भारत शांतिप्रिय देश है और वह सदियों से दुनिया को समरसता और मैत्री का संदेश देता आया है। मगर अब वक्त यह याद दिलाने का है कि दुनिया के किसी भी कोने में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। तमाम देशों की यह जिम्मेदारी है। भारत को संबंधित देशों में अपने प्रतिनिधिमंडल भेजने से लेकर द्विपक्षीय वाताओं में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाना होगा। यह सच है कि भारत शांतिप्रिय देश है और वह सदियों से दुनिया को समरसता और मैत्री का संदेश देता आया है। मगर अब वक्त यह याद दिलाने का है कि दुनिया के किसी भी कोने में अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा और मानवता को शर्मसार करने वाली घटनाओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। तमाम देशों की यह जिम्मेदारी है कि वहां के अल्पसंख्यक नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। धर्म और नस्ल के आधार पर नफरत फैलाने और हिंसा को बढ़ावा देने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, ताकि मानवाधिकारों की रक्षा की जा सके।

## वैश्विक टैरिफ चिंताओं के बीच शेयर बाजार फिसला

# सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान पर बंद



**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को लाल निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 250.48 अंक गिरकर 85,627.69 अंक पर बंद हुआ। वहीं, एनएसई निफ्टी 57.95 अंक गिरकर 26,732.30 अंक पर आ गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन यानी मंगलवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। वैश्विक टैरिफ संबंधी चिंताओं के बीच विदेशी निधियों की निरंतर निकासी और ब्लू-चिप शेयरों में बिकवाली के चलते मंगलवार को एक दिन की राहत के बाद इक्विटी बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी निचले स्तर पर बंद हुए। व्यापारियों के अनुसार, आय सत्र की कमजोर शुरूआत के कारण बाजार का माहौल भी सुस्त था।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 250.48 अंक या 0.30 प्रतिशत गिरकर 85,627.69 अंक पर बंद हुआ। दिन के दौरान, यह 615.38 अंक या 0.73 प्रतिशत गिरकर 83,262.79 पर पहुंच गया था। वहीं 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 57.95 अंक या 0.22 प्रतिशत गिरकर 26,732.30 पर बंद हुआ। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 4 पैसे गिरकर 90.21 (अस्थायी) पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से ट्रेंट, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इंटरग्लोब एविएशन, मारुति, आईटीसी, अदानी पोर्ट्स और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स सबसे पिछड़ने वाली कंपनियों में शामिल थीं। वहीं, इटरनल, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लाभ कमाने

### टीसीएस के मुनाफे में आई 14 प्रतिशत की गिरावट

देश की सबसे बड़ी आईटी सेवा निर्यातक कंपनी टीसीएस ने सोमवार को दिसंबर तिमाही में अपने मुनाफे में 13.91 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की, जो कि 10,657 करोड़ रुपये रहा। यह गिरावट मुख्य रूप से नए श्रम कानूनों के एकमुश्त प्रभाव के कारण हुई।

### खुदरा महंगाई तीन महीने के उच्च स्तर पर पहुंची

इस बीच, खुदरा मुद्रास्फीति दिसंबर में तीन महीने के उच्चतम स्तर 1.33 प्रतिशत पर पहुंच गई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि थी, लेकिन यह भारतीय रिजर्व बैंक के निम्नतम सहनशीलता स्तर से नीचे रही। ट्रंप ने ईरान के व्यापारिक साझेदारों पर दी टैरिफ लगाने की धमकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा की कि ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश को वाशिंगटन के साथ अपने व्यापार पर 25 प्रतिशत टैरिफ का भुगतान करना होगा, एक ऐसा कदम जो भारत, चीन और यूएई जैसे तेहरान के प्रमुख व्यापारिक भागीदारों को प्रभावित कर सकता है।

# वेनेजुएला संकट का तेल की कीमतों पर सीमित असर, रूस से आयात में आई गिरावट



**नई दिल्ली।** क्रिसिल रेटिंग्स के अनुसार वेनेजुएला में अस्थिरता के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों पर फिलहाल बड़ा असर नहीं पड़ा है और भारत पर भी इसका प्रभाव सीमित है। वहीं दिसंबर 2025 में रूसी तेल आयात घटने से भारत तीसरे सबसे बड़े खरीदार के स्थान पर आ गया है। वेनेजुएला में हालिया घटनाक्रम का कच्चे तेल की कीमतों पर निकट अवधि में कोई बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है। क्रिसिल रेटिंग्स ने यह दावा किया है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक आपूर्ति में वेनेजुएला की हिस्सेदारी बेहद कम है।

इसमें कहा गया है कि भले ही हालात बिगड़ें और उत्पादन प्रभावित हो, तब भी कीमतों पर प्रभाव सीमित रहेगा। जनवरी की शुरूआत में अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादूरो की गिरफ्तारी से देश में अनिश्चितता बढ़ी है। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े सिद्ध कच्चे तेल भंडारों में से एक है, लेकिन वैश्विक आपूर्ति में उसका योगदान करीब 1.5% ही है। इस बीच ब्रेंट क्रूड के दाम 60 डॉलर प्रति बैरल से थोड़ा ऊपर स्थिर बने हुए हैं।

**भारत पर असर सीमित :** क्रिसिल ने कहा कि भारत के लिए भी वेनेजुएला के घटनाक्रम का व्यापार या कंपनियों की क्रेडिट क्वालिटी पर कोई खास असर नहीं दिखता। भारत के कुल आयात में वेनेजुएला से आने वाला हिस्सा 0.25% से कम है। वित्त वर्ष 2025 में करीब 14,000 करोड़ रुपये के आयात में 90% से अधिक कच्चा तेल था।

### रूस से तेल आयात घटा, भारत तीसरे नंबर पर

इसी बीच, एक यूरोपीय थिंक टैंक ऊर्जा और स्वच्छ वायु अनुसंधान केंद्र (सीआरईए) की रिपोर्ट में कहा गया कि दिसंबर 2025 में भारत रूसी जीवाश्म ईंधन का तीसरा सबसे बड़ा खरीदार बन गया। इससे पहले भारत दूसरे स्थान पर था। दिसंबर में भारत का रूसी हाइड्रोकार्बन आयात 2.3 अरब यूरो रहा, जो नवंबर के 3.3 अरब यूरो से कम है। तुर्किये ने भारत को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि चीन शीर्ष पर बना रहा।

सीआरईए के अनुसार, दिसंबर में भारत के रूसी आयात में 78% हिस्सा कच्चे तेल का था (1.8 अरब यूरो), जबकि कोयला और तेल उत्पादों का हिस्सा शेष रहा। नवंबर की तुलना में रूसी कच्चे तेल का आयात महीने-दर-महीने 29% घटकर प्राइस कैप नीति लागू होने के बाद के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया।

### रिलायंस और पीएसयू रिफाइनरियों ने की कटौती

रिपोर्ट में कहा गया कि आयात में यह गिरावट मुख्य रूप से रिलायंस इंडस्ट्रीज की जामनगर रिफाइनरी के कारण आई। इसने दिसंबर में रूस से आयात आधा कर दिया। रिलायंस की आपूर्ति रूस की रोसनेफ्ट से थी, जो अमेरिकी विदेश संपत्ति नियंत्रण कार्यकाल (ओएफएसी) प्रतिबंध लागू होने से पहले खरीदे गए कार्गो पर आधारित थी।

इसके अलावा, सार्वजनिक क्षेत्र की रिफाइनरियों ने भी दिसंबर में रूसी आयात 15% घटाया। अमेरिका द्वारा रूस की प्रमुख तेल कंपनियों पर लगाए गए प्रतिबंधों के चलते कुछ भारतीय रिफाइनरियों ने आयात रोक या कम कर दिया है, जबकि गैर-प्रतिबंधित रूसी कंपनियों से खरीद जारी है।

## रोचक तथ्यों का करंट



- ऐतिहासिक रूप से, दूध को चाय में जोड़ा जाता है और यह धन का चिन्ह था जब किसी ने बाद में दूध को चाय में जोड़ा, कम गुणवत्ता वाले चीनी मिट्टी के बरतन में चाय डालना कप को तोड़ देगा!
- मसालेदार भोजन खाने के बाद दूध मुंह को ठंडा करने के लिए बेहतर होता है। (दूध के उत्पादों में कैसिइन होता है, एक प्रोटीन जो स्वाद की कोंपल को जलाने से साफ करता है।)
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।
- दूध नॉर्थ डकोटा का आधिकारिक राज्य पेय है!
- जो देश दूध पीते हैं, वह स्मार्ट हैं और नोबेल पुरस्कार जीतने में ज्यादा सक्षम हैं!
- दूध प्रोटीन का प्रयोग लेटेक्स के निर्माण में किया जाता है, जिसका अर्थ है कि ज्यादातर कंडोम में दूध प्रोटीन होता है।
- कनाडा में, गाय को कृत्रिम हार्मोन से दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए देने के लिए अवैध है।

# जनधन से वित्तीय समावेशन में ऐतिहासिक छलांग, महिलाओं की भागीदारी सबसे मजबूत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के तहत 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोलकर भारत ने वित्तीय समावेश में नया इतिहास रचा है, जिसमें 56% खाते महिलाओं के हैं। वित्तीय सेवा विभाग के सचिव एम. नागराजू के अनुसार, भारत 50% वैश्विक रीयल-टाइम डिजिटल भुगतान के साथ दुनिया का नेतृत्व कर रहा है। भारत की महत्वाकांक्षी वित्तीय समावेशन मुहिम ने करोड़ों नागरिकों, विशेष रूप से महिलाओं और ग्रामीण आबादी के आर्थिक जीवन को मौलिक रूप से बदल दिया है। 'ग्लोबल इंक्लूसिव फाइनेंस समिट' में बोलते हुए वित्तीय सेवा विभाग (डीएफएस) के सचिव एम. नागराजू ने 28 अगस्त 2014 को प्रधानमंत्री जन धन योजना (पीएमजेडीवाई) के शुभारंभ को भारत के इतिहास के 'सबसे परिवर्तनकारी दिनों में से एक' बताया।


नागराजू ने खुलासा किया कि इस योजना के माध्यम से अब तक 53 करोड़ से अधिक बैंक खाते खोले जा चुके हैं। इनमें से 72 प्रतिशत खाते



ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में स्थित हैं। सबसे महत्वपूर्ण बदलाव लैंगिक समानता के मोर्चे पर देखा गया है, जहाँ अब 56 प्रतिशत खाते महिलाओं के पास हैं, जिसने खाता स्वामित्व के मामले में महिला-पुरुष के अंतर को समाप्त कर दिया है। नागराजू के अनुसार, इससे ग्रामीण महिलाओं में खुद को आर्थिक विकास में समान हितधारक समझने का आत्मविश्वास और सशक्तिकरण बढ़ा है।

सफलता के बावजूद, नागराजू ने कुछ क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया, जिसमें शुरूआती चरणों में खोले गए खातों के लिए केवाईसी

# इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने बनाया रिकॉर्ड 2025 में 4 लाख करोड़ के पार पहुंचा आंकड़ा



**नई दिल्ली।** देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने 2025 में रिकॉर्ड बनाते हुए 4 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। मोबाइल फोन इस सेक्टर की सबसे बड़ी ताकत बने हुए हैं। देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात ने एक नया रिकॉर्ड कायम करते हुए वर्ष 2025 में 4 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि वर्ष 2026 में यह रफ्तार और तेज होगी, क्योंकि देश में चार सेमीकंडक्टर प्लांट इस साल व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने जा रहे हैं।

### वित्त वर्ष 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 11 लाख करोड़ के पार

सरकारी अनुमानों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन करीब 11.3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जबकि निर्यात 3.3 लाख करोड़ रुपये रहा। मंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात से न केवल बड़े पैमाने पर रोजगार पैदा हो रहा है, बल्कि विदेशी मुद्रा आय भी बढ़ी है।

वर्तमान में मोबाइल फोन उद्योग देश के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की रीढ़ बना हुआ है। उद्योग के अनुमान बताते हैं कि इस सेक्टर में 25 लाख से अधिक लोगों को रोजगार मिला हुआ है।

भारत से आईफोन का निर्यात 2025 में 2.03 लाख करोड़ पहुंचा मंत्री द्वारा साझा की गई एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत से एपल के आईफोन निर्यात ने 2025 में 2.03 लाख करोड़ रुपये का आंकड़ा छू लिया है। यह 2024 में 1.1 लाख करोड़ रुपये के निर्यात के मुकाबले लगभग दोगुना है।

### चालू वित्त वर्ष को लेकर उद्योग निकाय का अनुमान

मोबाइल निमार्ताओं के उद्योग निकाय, इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुसार, चालू वित्त वर्ष के अंत तक देश में मोबाइल फोन उत्पादन 75 अरब डॉलर (करीब 6.76 लाख करोड़ रुपये) तक पहुंचने की उम्मीद है। मार्केट रिसर्च फर्म काउंटरपॉइंट के को-फाउंडर और रिसर्च वीपी नील शाह ने कहा कि चीन पर अमेरिकी टैरिफ के बाद भारत में मैन्युफैक्चरिंग बढ़ाकर एपल देश के लिए एक 'पोस्टर चाइल्ड' बन गया है। उनके मुताबिक, 2025 में भारत में करीब 30 करोड़ मोबाइल फोन का उत्पादन होगा और हर चार में से एक स्मार्टफोन का निर्यात किया जाएगा।

### एपल ने घरेलू बाजार में रिकॉर्ड 50 लाख आईफोन की सप्लाई की

वहीं इंटरनेशनल डेटा कॉर्पोरेशन (कव्ळ) की रिपोर्ट के अनुसार, 2025 की तीसरी तिमाही में एपल ने घरेलू बाजार के लिए एक तिमाही में रिकॉर्ड 50 लाख आईफोन की सप्लाई की। एपल प्रीमियम (53,000-71,000 रुपये प्रति यूनिट की कीमत वाले स्मार्टफोन) और सुपर-प्रीमियम सेगमेंट (71,000 रुपये प्रति यूनिट से अधिक कीमत वाले स्मार्टफोन) दोनों में अग्रणी है, जिसने सितंबर तिमाही में देश के स्मार्टफोन बाजार की वृद्धि को गति दी।

## राशिफल

**मेष :** शारीरिक कष्ट संभव है। अनहोनी की आशंका रहेगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृष :** परीक्षा, प्रतियोगिता व साक्षात्कार आदि में सफलता मिलेगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ के योग हैं। सट्टे व लॉटरी से दूर रहें।

**मिथुन :** पुराना रोग उभर सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। किसी व्यक्ति विशेष से विवाद हो सकता है। मान घटेगा।

**कर्क :** यात्रा लाभदायक रहेगी। बकाया लेनदारी वसूल होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। शत्रु सक्रिय रहेंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**सिंह :** नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। नए कार्य मिल सकते हैं। सामाजिक कार्य करने का मन बनेगा। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

**कन्या :** दुष्टजनों से दूर बनाएं। धार्मिक कार्य, पूजा-पाठ-दान इत्यादि में खर्च होगा। कोर्ट व कचहरी तथा सरकारी कार्यालयों में रुके कार्य मनोनुकूल रहेंगे।

**तुला :** पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है। वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें।

**वृश्चिक :** शत्रु नतमस्तक होंगे। आराम का वक्त प्राप्त होगा। चैन की सांस ले पाएंगे। थकान व कमजोरी रह सकती है। लेन-देन में सावधानी रखें।

**धनु :** प्रेम-प्रसंग में जल्दबाजी न करें। अज्ञात भय रहेगा। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

**मकर :** विद्यार्थी वर्ग अपने कार्य में सफलता प्राप्त करेगा। अध्ययन संबंधी बाधा दूर होगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**कुंभ :** पुराना रोग उभर सकता है। बेवजह विवाद की स्थिति निर्मित होगी। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। नकारात्मकता रहेगी। भागदौड़ अधिक होगी।

**मीन :** थोड़े प्रयास से काम बनेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। नौकरी में अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। धनलाभ के अवसर हाथ आएंगे। मान-सम्मान प्राप्त होगा।

## चुटकुले

मंगू- मैंने एक चीज बनाई है जिससे तू दीवार के आर पार देख सकते हैं।
भीखू- वाह, ऐसी क्या चीज बनाई है?
मंगू- छेद।

---

पति दारू पीकर रात को घर देरी से पहुंचा, तो पत्नी हाथ में झाड़ू लेकर सामने खड़ी थी...!
पति- कितना काम करेगी तू...? ला ये झाड़ू मुझे दे दे, रात के दो बजे हैं, सोना नहीं है क्या...? कुछ तो अपना ख्याल कर पगली...!
ये सुनकर बेचारी पत्नी की आंखों में आंसू आ गए...!

---

मंदिर में सोनू - हे भगवान, मेरी नौकरी लगवा दो...?
भगवान- खाली हाथ आए हो, कुछ भगवान के लिए लाए नहीं,
सोनू - भगवान जी आप कर्म करो,
फल की चिंता मत करो...!

## 14 01 2026 करंट क्राइम

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं — आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन




सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एक ओवर...32 रन! नवी मुंबई में ग्रेस हैरिस का तूफान



**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग 2026 में आरसीबी ने यूपी वॉरियर्स को 12.1 ओवर में 144 रन का लक्ष्य चेज करके हरा दिया। इस मुकाबले में ग्रेस हैरिस ने 40 गेंदों पर 85 रन बनाते हुए कई अनोखे रिकॉर्ड तोड़े, जिनमें एक ओवर में 32 रन और पावरप्ले में फिफ्टी शामिल हैं। जीत से RCB की नेट रन रेट को भी बड़ा लाभ मिला।

महिला प्रीमियर लीग में रविवार (12 जनवरी) को नवी मुंबई में खेले गए मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्ठ्इ) ने यूपी वॉरियर्स (वढह) को एकतरफा अंदाज में मात दी। यूपी ने पहले खेलते हुए 144 रन बनाए, जो इस फॉर्मेट की चमकदार बल्लेबाजी के सामने मामूली साबित हुए। लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी की ओपनर ग्रेस हैरिस ने ऐसा तूफानी खेल दिखाया कि मैच लगभग पावरप्ले में ही तय हो गया।

## मैच में टूटे खास रिकॉर्ड्स, कई अनोखे और बड़े रिकॉर्ड बने




- आरसीबी ने सिर्फ 7.5 ओवर में 100 रन पूरे किए, जो महिला प्रीमियर लीग इतिहास का दूसरा सबसे तेज 100 रन है।
- ग्रेस हैरिस ने डिएंड्रा डॉटिन के एक ओवर में 32 रन बनाए, जो डब्ल्यूपीएल इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे महंगा ओवर है।
- हैरिस पावरप्ले में फिफ्टी लगाने वाली महिला प्रीमियर लीग इतिहास की चौथी खिलाड़ी बनीं।
- आरसीबी का पावरप्ले स्कोर 78/0 रहा, जो महिला प्रीमियर लीग में तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर है।
- श्रेयंका पाटिल ने चार ओवर में 50 रन दिए, जो किसी स्पिनर की संयुक्त रूप से सबसे महंगी डब्ल्यूपीएल स्पेल है।
- दीप्ति शर्मा और डिएंड्रा डॉटिन की 93 रन की साझेदारी* महिला प्रीमियर लीग में छठे विकेट या उससे नीचे की तरफ से दूसरी सबसे बड़ी पार्टनरशिप रही।

**पावरप्ले में हैरिस का तूफान**

ग्रेस हैरिस की बल्लेबाजी का स्तर एक अलग ही था। आरसीबी की कप्तान स्मृति मंधाना रन बना रही थीं, लेकिन हैरिस की रफ्तार कुछ और ही थी। गेंद सीमित हो या स्पिन, किसी ने भी उन्हें रोक नहीं पाया। चौकों-छक्कों की बारिश के बीच हैरिस ने सिर्फ 40 गेंदों में 85 रन जड़ दिए। जब वह आउट हुईं, तब आरसीबी जीत से बस एक शॉट दूर था और टीम ने 12.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे नेट रन रेट में भी जोरदार उछाल मिला। हैरिस ने अपनी पारी में 10 चौके और पांच छक्के लगाए।

इस जीत ने आरसीबी को पॉइंट्स टेबल और नेट रन रेट दोनों में बड़ा फायदा दिया, जबकि यूपी वॉरियर्स के लिए यह हार कई सवाल छोड़ गई। बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजी भी पूरी तरह बिखरी रही। इससे पहले यूपी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 143 रन बनाए थे। कप्तान मेग लैनिंग 14 रन, हरलीन देओल 11 रन और फीबी लिचफील्ड 20 रन बनाकर आउट हुईं। किरण नवगिरे पांच रन बना सकीं। श्वेता सहरावत खाता नहीं खोल पाईं। दीप्ति शर्मा 35 गेंद में 40 रन और डिएंड्रा डॉटिन 37 गेंद में 40 रन बनाकर नाबाद रहीं थीं। वहीं, आरसीबी के लिए हैरिस के अलावा कप्तान मंधाना ने 32 गेंद में 47 रन की नाबाद पारी खेली।

## एनआरएआई ने कोच अंकुश भारद्वाज को दी चेतावनी शारीरिक शोषण बर्दाश्त नहीं



**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा है कि शारीरिक शोषण के खिलाफ संघ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है और कोच अंकुश भारद्वाज के मामले में संबंधित जांच एजेंसियों का जांच में पूरा साथ देगा। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) के प्रमुख कलिकेश सिंह देव ने कहा है कि शारीरिक शोषण के खिलाफ संघ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाता है और कोच अंकुश भारद्वाज के मामले में संबंधित जांच एजेंसियों का जांच में पूरा साथ देगा।

## नोवाक जोकोविच ने बिना रैकेट चलाए रचा इतिहास



**नई दिल्ली।** नोवाक जोकोविच ने 2026 की शुरूआत में बिना किसी टूनार्मेंट में खेले ही नया ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया है। वे लगातार 1000 हफ्तों तक एटीपी टॉप-40 में बने रहने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। 2006 से अब तक वे कभी भी इस दायरे से बाहर नहीं गए, जो उनकी असाधारण स्थिरता और लॉन्गेविटी को साबित करता है। अब वे ऑस्ट्रेलियन ओपन में 25वें ग्रैंड स्लैम के लक्ष्य के साथ उतरने वाले हैं।

टेनिस जगत में फिर एक बार नोवाक जोकोविच ने ऐसा कारनामा किया है जिसका मुकाबला आधुनिक खेल में मिलना मुश्किल है। दिलचस्प यह कि इस रिकॉर्ड के लिए उन्हें 2026 में अब तक रैकेट चलाने तक की जरूरत नहीं पड़ी। जोकोविच ने लगातार 1000 हफ्ते एटीपी टॉप-40 में बने रहकर इतिहास रच दिया है।

**लगातार 19 साल की स्थिरता**

यह माइलस्टोन अप्रैल 2006 से शुरू हुआ था, जब 19 वर्षीय जोकोविच पहली बार एटीपी टॉप-40 में दाखिल हुए थे। रोलां गैरोस के अपने पहले ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचने के तुरंत बाद उनकी रैंकिंग चढ़ी और तब से, लगभग 19 साल में, वे एक भी हफ्ता इस क्षेत्र से बाहर नहीं गए। इस दौरान टेनिस में युग बदले, खिलाड़ी बदले, सतहों की तेजी और फिजिकल डिमांड्स बढ़ीं, लेकिन जोकोविच की स्थिरता लगातार बनी रही।

**नए सीजन में बिना खेले भी सुर्खियों में**

2026 की शुरूआत में जोकोविच ने एडिलेड इंटरनेशनल से हटने का फैसला किया और एटीपी दौरे के शुरूआती टूनार्मेंट नहीं खेले। इसके बावजूद उनका प्रभाव कम नहीं हुआ। जहां ब्रिस्बेन में डेनिल मेदवेदेव और हांगकांग में एलेक्जेंडर बुब्लिक ने खिताब जीते, वहीं 38 वर्षीय जोकोविच एटीपी रैंकिंग में चौथे स्थान पर बने हुए हैं। उनके आगे फिलहाल कार्लोस अल्काराज, यानिक सिनर और एलेक्जेंडर ज्वेरेव हैं।

**पीढ़ियां बदलीं, लेकिन जोकोविच स्थिर रहे:** जोकोविच का करियर तीन पीढ़ियों को छूता है। शुरूआत में उन्होंने रोजर फेडरर और राफेल नडाल जैसे दिग्गजों से मुकाबला किया, फिर एंडी मरे के दौर में दबदबा बनाया और अब अल्काराज-सिनर जैसी नई पीढ़ी से जूझ रहे हैं। उनके लिए लॉन्गेविटी अब ट्रॉफियों जितनी ही बड़ी उपलब्धि बन चुकी है।

**25वें ग्रैंड स्लैम की खोज**

2025 में चारों ग्रैंड स्लैम में सेमीफाइनल तक पहुंचने के बाद अब जोकोविच एक और बड़ा लक्ष्य लेकर 2026 के ऑस्ट्रेलियन ओपन में उतरेंगे। उनकी नजर 25वें मेजर खिताब यानी ग्रैंड स्लैम खिताब पर होगी। एडिलेड छोड़कर सीधे मेलबर्न पर फोकस करना इसी सोच का हिस्सा है।

## क्या वाकई नोरा फतेही को डेट कर रहे हैं अशरफ हकीमी



**नई दिल्ली।** नोरा फतेही के AFCON मैच देखने और मोरक्को की जीत पर सोशल मीडिया पोस्ट के बाद फैंस ने उन्हें अशरफ हकीमी से जोड़ना शुरू किया। हकीमी द्वारा नोरा की पोस्ट पर इंटरैक्शन की चर्चा के बाद डेटिंग की अफवाहें और बढ़ीं। दोनों ने अभी तक कोई बयान नहीं दिया, जिससे उत्सुकता बढ़ गई है। हकीमी ढरक्ष् और मोरक्को फुटबॉल टीम के कप्तान हैं।

बॉलीवुड अभिनेत्री नोरा फतेही और मोरक्को के फुटबॉल स्टार अशरफ हकीमी इन दिनों सुर्खियों में हैं। वजह है दोनों को लेकर उठी डेटिंग की चचाएं, जो सोशल मीडिया से शुरू होकर अब मीडिया पोर्टल्स और फैन फोरम्स तक पहुंच गई हैं। हालांकि, इस पूरे मामले पर अब तक नोरा और हकीमी दोनों की चुप्पी बनी हुई है, लेकिन अटकलें बढ़ती ही जा रही हैं।

यह सारा मामला तब चर्चा में आया जब हाल ही में नोरा फतेही मोरक्को के दौरे पर थीं। जैसे ही उन्होंने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर मोरक्को टीम की जीत का जश्न मनाते हुए पोस्ट डालीं, फैंस ने इसे महज समर्थन नहीं बल्कि कुछ ज्यादा व्यक्तिगत मान लिया।

इसके बाद चचाएं तब तेज हो गईं जब रेडिट यूजर्स ने दावा किया कि अशरफ हकीमी ने नोरा की उस पोस्ट को लाइक किया था। सोशल मीडिया पर हैश टैग नोरा फतेही और हैश टैग अशरफ हकीमी ट्रेंड करने लगा और फैंस ने दोनों को एक साथ जोड़ना शुरू कर दिया। मामले में और रोमांच तब जुड़ा जब एक एंटरटेनमेंट पोर्टल ने एक इनसाइडर के हवाले से लिखा, 'नोरा का AFCON मैच देखने जाना और फिर हकीमी की इंटरैक्शन ने डेटिंग की अटकलों को बढ़ावा दिया है। कोई भी खुलकर बोल नहीं रहा, लेकिन बज साफ दिख रहा है।'

## भारत में विश्वकप के मैच नहीं खेलने की मांग पर अड़ा बीसीबी, आईसीसी से बातचीत का दौर जारी




**आईसीसी के साथ मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई बैठक में बीसीबी ने एक बार फिर पुराना राग अलापा। उनकी तरफ से फिर भारत में सुरक्षा को लेकर चिंता जताई गई, जिस पर आईसीसी ने उन्हें मैच शिफ्ट करने की मांग पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया।**

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) भारत में टी20 विश्व कप 2026 के मुकाबले नहीं खेलने की मांग पर अड़ा है। बोर्ड ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने भले ही उनकी मांग को मानने से इनकार कर दिया है, लेकिन बांग्लादेश का रुख वही रहेगा और दोनों पक्ष संभावित समाधान खोजने की कोशिश करते रहेंगे। बता दें कि, सोमवार को समाचार एजेंसी एएनआई ने आईसीसी सूत्रों के हवाले से कहा था कि आगामी विश्व कप का कार्यक्रम तैयार हो चुका है और सभी टीमों को उसके अनुसार ही खेलना होगा। वहीं, खेल की वैश्विक संस्था ने भारत में सुरक्षा व्यवस्था का भरोसा जताया।

**आईसीसी के साथ बैठक में बीसीबी ने फिर अलापा पुराना राग:** आईसीसी ने मंगलवार को बीसीबी से भारत में विश्व कप मुकाबले नहीं खेलने की मांग पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया, लेकिन बांग्लादेश ने पीछे हटने से इनकार कर दिया और अपनी सुरक्षा चिंताओं को दोबारा दोहराया।

बीसीबी ने कहा, 'आईसीसी ने बताया कि टूर्नामेंट का कार्यक्रम पहले ही घोषित किया जा चुका है और बीसीबी से अपने रुख पर फिर से विचार करने का अनुरोध किया है, लेकिन बोर्ड का रुख अपरिवर्तित है। दोनों पक्ष इस बात पर सहमत हुए कि संभावित समाधान खोजने के लिए बातचीत जारी रहेगी।' मंगलवार को आईसीसी के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस में बीसीबी की तरफ से उसके अध्यक्ष अमिनुल इस्लाम और सीईओ निजाम उद्दीन चौधरी के साथ-साथ दूसरे सीनियर अधिकारी भी शामिल हुए। इस दौरान बीसीबी ने आगे कहा, 'आईसीसी के साथ मिलकर इस मामले को सुलझाने के लिए काम करते हुए बीसीबी अपने खिलाड़ियों, अधिकारियों और स्टाफ की भलाई की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।'

हालांकि, बीसीबी का अनुमान है कि उसके खिलाड़ियों के लिए भारत जाना सुरक्षित नहीं है, लेकिन आईसीसी की रिस्क असेसमेंट रिपोर्ट में टूर्नामेंट में हिस्सा लेने पर टीम के लिए किसी खास या सीधे खतरे का जिक्र नहीं किया गया है।

**भारत में नहीं खेलने की मांग पर अड़ा बीसीबी:** बीसीबी ने आगे कहा, 'आईसीसी से चर्चा के दौरान बोर्ड ने सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए भारत न जाने के अपने फैसले पर फिर से जोर दिया। बोर्ड ने आईसीसी से यह अनुरोध भी दोहराया कि बांग्लादेश के मैचों को भारत से बाहर किसी दूसरी जगह पर करवाने पर विचार किया जाए।'

## शिखर धवन और विराट कोहली को पीछे छोड़ने के करीब श्रेयस




श्रेयस अय्यर ने चोट से उबरकर शानदार तरीके से मैदान पर वापसी की है। अब उनके पास न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल करने का मौका है।

**राजकोट।** भारतीय वनडे टीम के उपकप्तान श्रेयस अय्यर न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे मैच के दौरान एक बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर सकते हैं। अगर श्रेयस ऐसा करने में सफल रहे तो वह विराट कोहली और शिखर धवन को पीछे छोड़ देंगे। श्रेयस ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी और वडोदरा में खेले गए मैच में 47 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के की मदद से 49 रन बनाए थे।

श्रेयस का वनडे में रिकॉर्ड

श्रेयस के वनडे में 68 पारियों में 47.83 के औसत से 2966 रन हैं जिसमें पांच शतक और 23 अर्धशतक शामिल हैं। श्रेयस अगर 34 रन और बना लेते हैं तो वह वनडे में सबसे तेजी से 3000 रन पूरे करने वाले भारतीय बन जाएंगे। फिलहाल ये रिकॉर्ड शिखर धवन के नाम है जिन्होंने 72 पारियों में वनडे में 3000 रन पूरे किए थे, जबकि कोहली ने 75 पारियों में ऐसा किया था।

विवियन रिचर्ड्स की बराबरी करने का मौका

अगर श्रेयस दूसरे वनडे मैच के दौरान वनडे में 3000 रन पूरे करने में सफल रहे तो वह ऐसा करने वाले दुनिया के चौथे सबसे तेज बल्लेबाज होंगे और इस मामले में विवियन रिचर्ड्स की बराबरी कर लेंगे। ओवरऑल ये रिकॉर्ड दक्षिण अफ्रीका के हाशिम अमला के नाम है जिन्होंने 57 वनडे पारियों में 3000 रन पूरे किए हैं। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे मैच के दौरान श्रेयस ने तीसरे विकेट के लिए विराट कोहली के साथ 77 रनों की साझेदारी की थी जिससे भारत 301 रन का पीछा करने में सफल रहा था।

चोट के बाद की थी वापसी

श्रेयस को पिछले साल ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोट लगी थी जिस कारण वह मैदान से बाहर रहे थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में मुंबई के लिए खेलकर मैदान पर वापसी की थी। श्रेयस ने हिमाचल प्रदेश के खिलाफ टीम की कमान संभाली और चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 53 गेंदों पर 82 रन बनाए। श्रेयस को इस दौरान बल्लेबाजी करते वक्त कोई दिक्कत नहीं हुई और उन्होंने अपनी फिटनेस साबित की। इस मैच के बाद श्रेयस को बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) से फिटनेस सर्टिफिकेट मिला और न्यूजीलैंड सीरीज में खेलने की मंजूरी मिल गई। भारत और न्यूजीलैंड के बीच अब बुधवार को दूसरा वनडे मैच खेला जाएगा जहां भारतीय टीम की नजरें सीरीज अपने नाम करने पर टिकी होंगी।




## सुंदर की जगह आयुष बदोनी को शामिल करने पर छिड़ी बहस

### 5 क्रिकेटर जो हो सकते थे बेहतर विकल्प



**नई दिल्ली।** वॉशिंगटन सुंदर की जगह वनडे टीम में आयुष बदोनी के चयन पर पक्षपात की बहस छिड़ी है। फैंस का मानना है कि क्रुणाल, पराग, शाहबाज जैसे ऑलराउंडर बेहतर विकल्प थे। बदोनी के आईपीएल-फर्स्ट क्लास रिकॉर्ड मजबूत हैं, पर लिस्ट-ए फॉर्म कमजोर है। अब देखने वाली बात यह होगी कि मौका मिलने पर वे जवाब दे पाते हैं या नहीं।

भारत और न्यूजीलैंड के बीच जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज से पहले ऑलराउंडर आयुष बदोनी चर्चा में हैं। उन्हें चोटिल वॉशिंगटन सुंदर की जगह भारतीय वनडे स्क्वॉड में शामिल किया गया है। हालांकि, इस फैसले ने सोशल मीडिया पर बहस शुरू कर दी है। फैंस इसे पक्षपात भरा फैसला बता रहे हैं। उनका मानना है कि कुछ और खिलाड़ी इस जगह के दावेदार थे। फैंस का कहना है कि बदोनी का चयन कोच गौतम गंभीर की निजी पसंद का नतीजा है, क्योंकि वह भी दिल्ली से हैं। साथ ही गंभीर लखनऊ सुपर जाएंट्स के मेंटर भी रह चुके हैं। बदोनी एलएसजी से ही आईपीएल खेलते हैं।

**फर्स्ट क्लास में बदोनी के आंकड़े हैं शानदार**

हालांकि, बदोनी का आईपीएल और फर्स्ट क्लास क्रिकेट में आंकड़े शानदार हैं। 21 फर्स्ट क्लास मैचों में बदोनी ने 57.96 की बेहतरीन औसत से 1681 रन बनाए हैं। इनमें चार शतक और सात अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने रणजी में दिल्ली टीम की कप्तानी भी की थी। इसके अलावा वह फर्स्ट क्लास में 22 विकेट भी ले चुके हैं। वहीं, आईपीएल में अब तक बदोनी ने 56 मैचों में 26.75 की औसत और 138.56 के स्ट्राइक रेट से 963 रन बनाए हैं और साथ ही चार विकेट भी झटके हैं। इनमें छह अर्धशतक शामिल हैं। आईपीएल 2025 में बदोनी ने 14 मैचों में 32.90 की औसत और 148.19 के स्ट्राइक रेट से 329 रन बनाए थे और दो विकेट भी झटके थे।

**लिस्ट-ए में बदोनी के आंकड़े कुछ खास नहीं**

फैंस का गुस्सा इसलिए भी बढ़ा है, क्योंकि लिस्ट-ए में बदोनी का आंकड़ा कुछ खास नहीं है। उन्होंने 27 लिस्ट-ए मैचों में 36.47 की औसत और 93.27 के स्ट्राइक रेट से 693 रन बनाए हैं। इनमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, उनके नाम लिस्ट-ए में 18 विकेट हैं। मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में भी उनका फॉर्म कुछ खास नहीं रहा है। बदोनी ने विजय हजारे में अब तक 1, 12 और नाबाद तीन रन की पारियां खेली हैं। गेंद से भी उन्होंने चार विकेट चटकाए हैं।

फैंस का मानना है कि सुंदर के लाइक टू लाइक रिप्लेसमेंट में कुछ और ऑलराउंडर बेहतर विकल्प साबित हो सकते थे। इनमें क्रुणाल पांड्या, रियान पराग, हर्ष दुबे और अनुकूल रॉय जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हैं। वहीं, शाहबाज अहमद का नाम भी सामने आया।

क्रुणाल का लिस्ट ए रिकॉर्ड शानदार है। उन्होंने 98 मैचों में 38.47 की औसत से 3001 रन बनाए हैं। इनमें तीन शतक और 17 अर्धशतक शामिल हैं। वहीं, उन्होंने 118 विकेट भी झटके हैं। मौजूदा विजय हजारे ट्रॉफी में क्रुणाल ने बड़ौदा की कप्तानी करते हुए सात पारियों में एक शतक और दो अर्धशतक की बदौलत 321 रन बनाए हैं। साथ ही छह विकेट भी झटके हैं।

वहीं, रियान पराग तो वनडे टीम का हिस्सा भी रह चुके हैं। हालांकि, वह टीम से ऐसे गायब हुए कि उनका कुछ अता पता भी नहीं है। न ही टी20 टीम में वह वापसी कर पाए हैं। पराग ने लिस्ट-ए में 55 मैचों में 41.42 की औसत से 1947 रन बनाए। इनमें पांच शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा 54 विकेट भी लिए हैं। रियान विजय हजारे ट्रॉफी में भी नहीं खेले।

बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर हर्ष दुबे भी सूची में हैं। उन्होंने लिस्ट-ए में 27 मैचों में 27 विकेट झटके हैं। साथ ही 29.88 की औसत से 269 रन भी बना चुके हैं। मौजूदा विजय हजारे में उन्होंने छह विकेट जरूर लिए, लेकिन बल्ले से कुछ खास नहीं कर पाए हैं।

अनुकूल रॉय का भी नाम सामने आया है। वह लिस्ट-ए में 61 मैचों में 32.79 की औसत से 1279 रन बना चुके हैं। इनमें आठ अर्धशतक शामिल हैं।

## जितेश की ऑल टाइम IPL-11 में विराट कोहली का नाम नहीं

### पांच बेस्ट विकेट-कीपर्स से संगकारा भी बाहर




**नई दिल्ली।** जितेश शर्मा की दोनों लिस्टें इसलिए सुर्खियों में रहीं क्योंकि क्ढछ के सबसे बड़े रन-स्कोरर विराट कोहली उनकी ऑल-टाइम 11 में नहीं हैं। वहीं, ग्लोबल आइकन संगकारा उनके टॉप-5 विकेट कीपर्स में नहीं हैं।

आईपीएल 2025 का खिताब जीतने के बाद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (फ्ठ्इ) के विकेटकीपर-बैटर जितेश शर्मा का प्रोफाइल लगातार ऊंचा हुआ है। अब जब आईपीएल 2026 नजदीक है, तो वह एक बार फिर तैयारियों में जुट गए हैं। 32 साल के जितेश को आगामी टी20 विश्व कप के लिए टीम में नहीं चुना गया है। लगभग एक साल तक भारतीय टी20 टीम में लगातार जगह बनाए रखने के बाद टी20 विश्व कप की टीम से उन्हें बाहर करने के फैसले पर विवाद भी हुआ था।


अब वह आगामी आईपीएल सीजन पर नजर बनाए होंगे और उसमें अच्छा प्रदर्शन कर टीम इंडिया में वापसी पर फोकस करेंगे। इसी बीच उन्होंने एक इंटरव्यू में अपनी राय से सबको चौंका दिया। जितेश ने इस इंटरव्यू में न सिर्फ अपनी ऑल टाइम आईपीएल-11 चुनी, बल्कि अपने शीर्ष पांच विकेटकीपर्स भी बताए। इन दोनों लिस्टों में कुछ चौंकाने वाले नाम छूटे- जिनमें विराट कोहली और कुमार संगकारा प्रमुख हैं।

**विराट कोहली उनकी IPL-11 में क्यों नहीं**

क्रिकेट्रैकर को दिए गए एक इंटरव्यू में उनकी राय ने सभी का ध्यान खींचा है। जब जितेश शर्मा से उनकी ऑल टाइम आईपीएल इलेवन पूछी गई, तो सबसे बड़ा सवाल यही रहा कि आरसीबी के ही साथी और आईपीएल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विराट कोहली इस लिस्ट में क्यों नहीं? कोहली ने पिछले सीजन 657 रन बनाकर आरसीबी के खिताब की राह तैयार की थी, इसके बावजूद जितेश ने उन्हें नहीं चुना।

उनकी चुनी हुई ऑल टाइम आईपीएल-11 कुछ इस तरह रही: रोहित शर्मा, एडम गिलक्रिस्ट (विकेटकीपर), सूर्यकुमार यादव, जैक कैलिस, एबी डिविलियर्स, हार्दिक पांड्या, एमएस धोनी (कप्तान), अक्षर पटेल, वरुण चक्रवर्ती, जसप्रीत बुमराह, जोश हेजलवुड।

इसमें रोहित-गिलक्रिस्ट की ओपनिंग जोड़ी, मध्यक्रम में सूर्यकुमार, कैलिस और एबी डिविलियर्स, फिनिशर के तौर पर हार्दिक और धोनी, स्पिनर के तौर पर अक्षर और वरुण और तेज गेंदबाजों में बुमराह-हेजलवुड शामिल हैं।



# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर किसानों का अर्द्धनग्न प्रदर्शन

## गांव तलहैटा गोल चक्कर पर इंटरचेंज (रैंप) की मांग



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) के कार्यकर्ताओं ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मंगलवार को अर्द्धनग्न प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन गांव तलहैटा के पास निर्माणाधीन गोल चक्कर पर इंटरचेंज (रैंप) की मांग को लेकर किया गया। किसानों ने चेतावनी दी है, कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं हुईं तो वे आगामी पंचायत चुनावों का बहिष्कार भी करेंगे।

बताते चलें कि भाकियू के बैनर तले किसान पिछले 22 दिनों से एक्सप्रेस-वे पर इसी गोल चक्कर के पास धरना दे रहे हैं। इस अवधि में उन्होंने कई बार टोल प्लाजा को टोल-फ्री भी कराते हुये अपना विरोध प्रदर्शन किया। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों की प्रतीकात्मक शव यात्रा भी निकाली। हालांकि, अब तक किसी भी अधिकारी ने उनसे बातचीत या समस्या समाधान के लिए संपर्क नहीं किया है। किसानों का आरोप है कि एक्सप्रेस-वे निर्माण के दौरान सर्विस रोड पर हुए अवैध खनन के कारण गहरे गड्ढे बन गए हैं। इससे चुड़ियाला, सैदपुर, मुरादाबाद व भटजन जैसे आसपास के गांवों के किसानों को अपने खेतों तक पहुंचने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। किसानों ने स्पष्ट किया है कि यदि उनकी मांगें नहीं मानी गईं, तो वे निर्माण कार्य को पूरी तरह रोक देंगे और आगे भी कड़े कदम उठाने को तैयार हैं।

प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। यह आंदोलन दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे के पांचवें चरण से संबंधित है, जिसके कारण यात्रियों को भी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है।

# लाजपत राय कॉलेज की 'विस्तारवादी नीति' के खिलाफ फूटा लोगों का गुस्सा, आरडब्ल्यूए ने किया प्रदर्शन



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद स्थित एलआर कॉलेज की ओर से रास्ता बनवाने को लेकर लोगों ने मंगलवार को विरोध जताया। कब्जे की आशंका जताते हुए कार्य रुकवा दिया और पांच घंटे तक धरना देने के बाद पुलिस को शिकायत की भी।

कॉलेज प्रबंधन ने मंगलवार सुबह रास्ते का काम शुरू कराया था। निर्माण सामग्री देखकर लोगों ने पूछताछ की तो पता चला की कॉलेज द्वारा कार्य कराया जा रहा है। इस पर स्थानीय लोग खफा हो गए और काम रुकवा दिया। सुबह करीब साढ़े 11 बजे स्थानीय लोग कॉलेज द्वार पर एकत्र हुए और कॉलेज के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए सड़क पर बैठ गए। करीब पांच घंटे तक चले इस प्रदर्शन के दौरान कॉलेज के मुख्य द्वार पर आवाजाही पूरी तरह ठप रही। प्रदर्शन कर रहे लोगों का आरोप है कि कॉलेज रास्ता बनाने के नाम पर सार्वजनिक सड़क पर कब्जा कर रहा है, जिससे स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

जब तक न्यायालय का फैसला नहीं आता, कॉलेज प्रबंधन को सार्वजनिक रास्तों को अवरुद्ध करना बंद करना चाहिए। हम अपनी जमीन और अधिकारों के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। इस अवसर पर सतीश सिंह, सचिव राजेश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, वीर सिंह सेन, महिपाल सिंह बैसला, डॉ. राजेश तोमर, एडवोकेट एके शर्मा, गीता शर्मा, सुनील रस्तोगी और भारी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। कॉलेज के प्रधानाचार्य उदय प्रताप सिंह का कहना है कि सड़क विद्यालय की जमीन पर है। बरसात में कॉलेज के अंदर पानी भरता है। इस कारण सड़क को थोड़ा उठाया जा रहा है। लोगों के प्रदर्शन के बाद गिट्टियां वापस हटवा ली गई हैं।

# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल का विस्तार

## विकास जैन और विपिन सिंघल बने महानगर उपाध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यकारिणी की हालिया सभा में संगठन की मजबूती को लेकर अहम निर्णय लिए गए। सभा में गाजियाबाद के लोहिया नगर निवासी और ट्रांसपोर्ट इकाई के सक्रिय स्तंभ विकास जैन व विपिन सिंघल को उनकी कार्यकुशलता को देखते हुए महानगर उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है।

मनोनयन की घोषणा के बाद सभा में उपस्थित महानगर अध्यक्ष गोपीचंद, प्रधान महामंत्री अशोक चावला, जिला महामंत्री राजदेव त्यागी और युवा महानगर अध्यक्ष विपिन गोयल ने दोनों नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। वरिष्ठ पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि इन नई नियुक्तियों से संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिलेगी।

इस अवसर पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष विकास जैन और विपिन सिंघल ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। उन्होंने संयुक्त रूप से कहा, हमें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, हम उसका निर्वहन पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे। व्यापारियों का उत्पीड़न किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और संगठन के प्रति समर्पित रहकर हम हर व्यापारी की आवाज बुलंद करेंगे।

लोहिया नगर के व्यापारियों को महानगर स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से स्थानीय व्यापारियों में उत्साह है। सभा के अंत में पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# शिप्रा सनसिटी फेज-2 में लोहड़ी की धूम आरडब्ल्यूए ने धूमधाम से मनाया पर्व



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम स्थित शिप्रा सनसिटी फेज-2 में लोहड़ी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सोसायटी के निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और कड़कती ठंड के बीच लोहड़ी की गर्माहट का आनंद लिया।



**पारंपरिक पूजनः** शाम होते ही सोसायटी के मुख्य प्रांगण में पवित्र अग्नि (लोहड़ी) जलाई गई। निवासियों ने अग्नि की परिक्रमा की और उसमें तिल, गुड़, गजक और मूंगफली अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियांः** ढोल की थाप पर युवा, बुजुर्ग और बच्चों ने जमकर भांगड़ा और गिद्धा किया। पंजाबी लोकगीतों ने माहौल को और भी खुशनुमा बना दिया। आरडब्ल्यूए से सुषमा गंगवार ने सभी को लोहड़ी की बधाई दी और कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में आपसी भाईचारा और एकता बढ़ती है।

**विशेष खान-पानः** कार्यक्रम के दौरान लोगों ने लोहड़ी के पारंपरिक व्यंजनों का लुत्फ उठाया।

सोसायटी के निवासियों ने आरडब्ल्यूए के इस प्रयास की सराहना की और एक-दूसरे को गले मिलकर त्योहार की शुभकामनाएं दीं। देर रात तक चले इस उत्सव में पूरा परिसर उत्सव के रंग में रंगा नजर आया। इस अवसर पर अभिषेक भदौरिया, राकेश गंगवार, विजय पाल मलिक, तपन वर्मा, मनु तिवारी, निशा गुप्ता, अनुज अग्रवाल आदि लोग मौजुद रहे।

# 16 माह बाद जीएसटी कार्यालय मोदीनगर में स्थानांतरित

**मोदीनगर, करंट क्राइम।** राज्यकर अर्थात जीएसटी कार्यालय जो कि लगभग 16 माह पूर्व गाजियाबाद स्थित राज्य कर भवन में स्थानांतरित हो गया, लेकिन राज्यकर अधिवक्ता अरूण राघव के प्रयासों से 16 माह बाद पुन: मोदीनगर स्थानांतरित हो गया है। बताते चलें कि लगभग डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय पूर्व राज्यकर अर्थात जीएसटी कार्यालय मोदीनगर से गाजियाबाद स्थानांतरित हो गया था, जिसका यहां के अनेक व्यापारियों व राज्यकर अधिवक्ताओं ने जमकर विरोध किया था, लेकिन सफलता नही मिली तो अधिवक्ताओं व व्यापारियों ने क्षेत्रीय विधायक डॉ0 मंजू शिवाच व अन्य जनप्रतिनिधियों से मिलकर पुन: जीएसटी कार्यालय मोदीनगर में स्थापित किये जाने की मांग की थी।

इसके लिये अधिवक्ता अरूण राघव भी शासन प्रशासन व आलाधिकारियों को निरंतर पत्र व्यवहार के जरिये कार्यालय के मोदीनगर स्थानांतरित कराये जाने को प्रयासरत रहे हैं। अधिवक्ता अरूण राघव सहित अनेक व्यापारियों व अधिवक्ताओं ने विधायक डॉ0 मंजू शिवाच, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद विनोद जाटव उर्फ वैशाली का आभार व्यक्त किया है।

# दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे पर ट्रक में पीछे से कार टकराई हादसे में कार सवार सहित तीन लोग घायल



**मोदीनगर, करंट क्राइम।** दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे स्थित भोजपुर थानांतर्गत गांव सैदपुर के निकट मंगलवार की तड़के सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को मेरठ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घने कोहरे के चलते हादसे की बात सामने आ रही है।

घायलों के परिजनों को हादसे की सूचना दी गई है। हापुड़ के हिमायूं नगर के वसीम, मईनुद्दीन व फैजल मंगलवार की तड़के कार द्वारा दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस-वे से होते हुए किसी काम से मेरठ की तरफ जा रहे थे। कोहरा अधिक होने के चलते दृश्यता कम थी। जब वह गांव सैदपुर के पास पहुंचे तो सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। कोहरे में ट्रक दिखाई नहीं दिया जिस कारण कार ट्रक से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सूचना पर पहुंची एक्सप्रेस-वे की पेट्रोलिंग टीम ने तीनों को किसी तरह कार से निकाला। खून से लथपथ हालत में उन्हें मेरठ के अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार चल रहा है। एसीपी मोदीनगर का कहना है कि शिकायत मिलने पर कार्रवाही की जायेंगी।

# दिव्य प्रेम सेवा मिशन ने स्थापना दिवस व स्वामी विवेकानंद जयंती पर मनाया सेवा संकल्प दिवस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिव्य प्रेम सेवा मिशन के स्थापना दिवस एवं स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आशीष गौतम तथा राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में देश के सभी जिलों में इस दिन को सेवा संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया।

इसी क्रम में मिशन की वैशाली इकाई (युवा शक्ति इकाई) द्वारा साहिबाबाद के वसुंधरा स्थित लाल बहादुर शास्त्री सुदर्शनम अनाथ आश्रम में सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बच्चों के बीच च्यवनप्राश, शहद, रियल जूस, मूंगफली, दूध सहित अन्य पोषण सामग्री का वितरण किया गया। इस अवसर पर वैशाली इकाई संयोजक

## वैशाली युवा शक्ति इकाई ने अनाथ आश्रम में बच्चों के बीच किया पोषण सामग्री का वितरण

अंकित गिरि ने बच्चों को स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय एवं उनके विचारों से अवगत कराया, जबकि वैशाली सहसंयोजक वरुण पुंडीर ने स्वामी विवेकानंद से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान अनाथ आश्रम के अधीक्षक हरेंद्र कुमार, केयर टेकर गीता सिसोदिया, अनुपम शर्मा सहित आश्रम का स्टाफ एवं मिशन के कार्यकर्ता उपस्थित रहे और सभी ने सेवा कार्य की सराहना की।

# मकर संक्रांति प्रकृति और सूर्य उपासना के संतुलन का पर्व : आचार्य मनीष पंडित



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** हिंडन मोक्ष धाम के प्रबंधक एवं श्री धार्मिक रामचंद्र सीता देवी हर नंदी सेवा संस्थान के अध्यक्ष, आचार्य मनीष पंडित ने मकर संक्रांति की पूर्व संध्या पर इस पर्व के आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मकर संक्रांति सनातन संस्कृति का एक अत्यंत पावन पर्व है, जो प्रकृति, सूर्य उपासना और मानव जीवन के बीच गहरे संतुलन को प्रदर्शित करता है।

आचार्य मनीष पंडित ने बताया कि धार्मिक दृष्टि से यह समय आत्मशुद्धि और पुण्य अर्जन के लिए सर्वश्रेष्ठ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब सूर्य देव धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं, तो सूर्य उत्तरायण होते हैं। मकर संक्रांति के साथ ही एक माह से चल रहा 'खरमास' समाप्त हो जाता है और हिंदू धर्म में विवाह, मुंडन व गृह प्रवेश जैसे शुभ कार्यों का मार्ग प्रशस्त होता है। आचार्य ने जोर देकर कहा कि भारत के विभिन्न राज्यों में इस त्योहार को अलग-अलग नामों से मनाया जाता है, परंतु इसकी आत्मा एक ही है। उन्होंने कहा, नाम चाहे भिन्न हों, लेकिन सूर्य देव की आराधना और दान-पुण्य का मूल भाव इस पर्व को पूरे राष्ट्र में एकता के सूत्र में पिरोता है। दान और पुण्य का महत्व : संबोधन के अंत में आचार्य ने श्रद्धालुओं से इस पावन अवसर पर पवित्र नदियों में स्नान करने और सामर्थ्य अनुसार दान करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें त्याग और समर्पण की सीख देता है, जिससे जीवन में सकारात्मकता का संचार होता है।

# उमेश मोदी समूह द्वारा जरूरतमंदों को किए गए कंबल वितरण

## विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने किया शुभारंभ




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** मंगलवार को उमेश मोदी समूह द्वारा गरीब, अनाथ व असहाय जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण किये गये। रेलवे रोड स्थित उमेश मोदी समूह के हॉस्पिटल परिसर में आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विधायक डॉ. मंजू शिवाच ने करते हुए जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से कंबल वितरित उपरांत की। उन्होंने कहा कि हाड़ कंपा देने वाली इस सर्दी में प्रदेश व केंद्र की मोदी सरकार भी जरूरतमंद लोगों को मदद के लिए समय-समय पर कंबलों को वितरण कर रही है। इसी कड़ी में आज उमेश मोदी इंडस्ट्रीज द्वारा इस पुनीत कार्य की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के सामाजिक कार्यों के लिए हमें आगे रहना चाहिए। इस दौरान मोदी इंडस्ट्रीज के जनरल मैनेजर एनपी बंसल, डीडी कौशिक समेत अनेक अधिकारी मौजूद रहे।




# किस थानाध्यक्ष ने बता दी अजीब बात

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार मीटिंगों, फैसलों और तैयारियों का दौर चलता है। कभी मीटिंग ऑनलाइन होती है, तो कभी ऑफलाइन। पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्र बता रहे हैं कि मंगलवार को भी पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में नंबर दो की पोजीशन वाले साहब की मीटिंग हुई थी। इस मीटिंग का मकसद पुलिस कमिश्नरेट की वर्किंग और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सिस्टम को मजबूती देने वाला बताया जा रहा है। सुनने में आ रहा है कि पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की मौजूदगी में हो रही इस मीटिंग में पुलिस कमिश्नरेट के तमाम थानों के मिशन शक्ति केंद्र प्रभारी और महिला टू-स्टार शामिल थीं। इस मीटिंग में महिला एसीपी भी थी, तो तमाम जगहों के अलग-अलग तरह ने फसाने, शिकायतें और समाधान की बातें भी सुनाई दी हैं। वहीं पुलिस की इस वीसी में इन सबके बीच जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में तो एक थानाध्यक्ष ने गजब ही कमाल कर दिया है। सूत्रों के द्वारा बताया जा रहा है कि वैसे तो वह सिटी वाले क्षेत्र से जुड़े हैं लेकिन उन्होंने से जब अधिकारियों की ओर से समस्या पूछी गई तो उन्होंने बता दिया कि इलाका ग्रामीण का सा है। बिजली चार-चार घंटे गुल रहती है, उनके थाने में जनरेटर की व्यवस्था भी नहीं है और उनके द्वारा डिमांड भी कर डाली गई है। तो वहीं सूत्रों ने यह जानकारी दी है की मीटिंग में अधिकांश प्रभारियों ने वाहन, कंप्यूटर सिस्टम और अन्य विषयों पर विचार रखा है। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि महिला टू-स्टार ने बेहद महत्वपूर्ण और समझदारी का परिचय देते हुए कहा कि महिलाओं को मिलने वाली योजनाओं और मिशन शक्ति केंद्र से छात्रों, युवतियों और महिलाओं को जो सुविधा प्रदान की जा सकती हैं, उसको लेकर जल्द ही एक विस्तृत बैठक और जानकारी दी जाए ताकि इसका फायदा जन-जन तक पहुंचाया जा सके और लोग इसका लाभ लेकर आगे सहूलियत महसूस कर सके। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में कई थ्री-स्टार ऐसे भी थे, जो क्षेत्र और ड्यूटी का हवाला देते हुए थोड़ी देर के लिए गोल, तो थोड़ी देर के लिए मौन भी रहे। कुल मिलाकर जिस तरीके से टू-स्टार थानाध्यक्ष ने अपना किस्सा सुनाया है। उसकी चर्चा कमिश्नरेट वाले सिस्टम में है कि सिटी का होने के बावजूद भी खुद को देहात वाला दर्शाया जा रहा है और बहाना भी निराला बनाया जा रहा है।



# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोहड़ी पर्व





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस में लोहड़ी पर्व का आयोजन पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत शुभ लोहड़ी अग्नि प्रज्वलन से हुई, जिसने इस उत्सव के मंगलमय आरंभ को चिह्नित किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवम त्यागी उपस्थित रहे। उनके साथ प्रो. डॉ. जसकीरन कौर, निदेशक, आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस ने संयुक्त रूप से लोहड़ी की पावन अग्नि प्रज्वलित कर कार्यक्रम का औपचारिक शुभारंभ किया। कार्यक्रम के दौरान आईएमएस ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के जनरल सेक्रेटरी सीए (डॉ.) राकेश छरिया भी उपस्थित रहे। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए शिवम त्यागी ने कहा कि लोहड़ी केवल एक पर्व नहीं, बल्कि परिश्रम, धैर्य और नई शुरूआत का संदेश देने वाला उत्सव है। वहीं प्रो. डॉ. जसकीरन कौर ने कहा कि ऐसे सांस्कृतिक आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। लोहड़ी समारोह का समापन ढोल की गूंजती



थाप और जोशीले भांगड़ा नृत्य के साथ हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं के साथ-साथ फैकल्टी सदस्यों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया और पर्व की भावना को साझा किया।

# आरकेजीआईटी (फार्मेसी) को मिला 'डिस्टिंग्विश्ड फार्मेसी कॉलेज ऑफ द ईयर 2025' का प्रतिष्ठित सम्मान





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बेंगलुरु में, 10 जनवरी 2026 को आरकेजीआईटी (फार्मेसी) गाजियाबाद ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। एकेडमिक इनसाइट्स द्वारा आयोजित समारोह में संस्थान को 'डिस्टिंग्विश्ड फार्मेसी कॉलेज ऑफ द ईयर 2025' नॉर्थ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह आयोजन हयाट सेंट्रिक, बेंगलुरु में संपन्न हुआ।

यह सम्मान संस्थान के संकाय, स्टाफ और विद्यार्थियों की सामूहिक निष्ठा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचारपूर्ण शोध का प्रमाण है। आरकेजीआईटी ने फामेर्सी शिक्षा में नए मानक स्थापित करते हुए भविष्य के पेशेवरों के सर्वांगीण विकास की दिशा में उल्लेखनीय योगदान दिया है। संस्थान ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने नेतृत्व दल और पूरे आरकेजीआईटी परिवार को दिया है। यह सफलता सभी की साझा मेहनत और समर्पण का परिणाम है। पुरस्कार ग्रहण करते हुए डॉक्टर मोनिका सचदेवा, प्रिंसिपल, आर के जी आई टी,फामेर्सी और अभिनव बंसल, बिजनेस हेड, आर के जी ग्रुप,ने समस्त फैकल्टी मेंबर्स और टीम मैनेजमेंट को आभार प्रकट करते हुए बधाई दी! वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल, आर के जी ग्रुप, आर के जी,ग्रुप एडवाइजर डॉक्टर लक्ष्मन प्रसाद, एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर, आर के जी ग्रुप - डॉक्टर डी के चौहान, डायरेक्टर आर के जी आई टी - बी सी शर्मा, श्री एच सी गर्ग चीफ प्रॉक्टर, आर के जी आई टी, डॉक्टर विपुल गोयल, एच आर हेड, आर के जी आई टी,ने संयुक्त रूप से पूरे आर के जी आई टी परिवार को बधाई दी और और बेहतर करने के लिए प्रेरित किया !




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अल्पसंख्यक आयोग उ०प्र० के पूर्व सदस्य सरदार एस पी सिंह ने परिवार के सदस्यों के साथ दा येलो चिली बाई संजीव कपूर रेस्टोरेंट के अनुरोध पर अग्नि जला कर लोहड़ी मनाई.. इस अवसर पर पवनीत सिंह, सतनाम कौर, प्रियंका सिंह, अर्जिया सिंह, अनामया सिंह व रेस्टोरेंट के मैनेजर व स्टाफ मौजूद रहे। सभी ने लोहड़ी की बधाई व शुभकामनाएँ दीं। मिस्टर सिंह की ब्लिंग करती हुई ये पोस्ट बनी दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे.

# रूस ने यूक्रेन पर किया बड़ा हमला

## ड्रोन और मिसाइलों से पावर ग्रिड किया तबाह, चार की मौत

**कीव।** रूस ने यूक्रेन पर एक बार फिर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करते हुए पावर ग्रिड को निशाना बनाया है। इस हमले के चलते कड़ाके की ठंड में लाखों लोग बिना बिजली के रहने को मजबूर हैं। शांति प्रयासों के बीच रूसी हमले को लेकर अमेरिका ने प्रतिक्रिया देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है।

रूस-यूक्रेन युद्ध को लगभग चार साल का समय पूरा होने वाला है, लेकिन अब तक शांति समझौते पर कोई बात नहीं बनी है। इस युद्ध को खत्म करने के लिए अमेरिका समेत कई देशों के प्रयासों के बीच दोनों देशों का संघर्ष और भी गहराता जा रहा है। मामले में रूस ने चार दिनों के भीतर यूक्रेन पर दूसरा बड़ा हमला किया है। मंगलवार को अधिकारियों ने बताया कि रूस ने एक बार फिर यूक्रेन के पावर ग्रिड को निशाना बनाया है। यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका समेत कई देश दोनों के बीच शांति स्थापित करने की कोशिशें कर रहे हैं। हालांकि रूस ने इन कोशिशों को नजरअंदाज करते हुए हमले तेज कर दिए हैं।



### ड्रोन और मिसाइलों की बौछार

इसको लेकर यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने बताया कि रूस ने रात भर में आठ क्षेत्रों पर करीब 300 ड्रोन, 18 बैलिस्टिक मिसाइलें और सात क्रूज मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने कहा कि उत्तर-पूर्वी खार्किव क्षेत्र में एक मेल डिपो पर हुए हमले में चार लोगों की मौत हो गई और 10 लोग घायल हो गए। राजधानी कीव में कड़ाके की ठंड (-12 डिग्री सेल्सियस) के बीच लाखों घरों की बिजली गुल हो गई है। पूरा शहर जनरेटर के शोर से गूंज रहा है।

इससे चार दिन पहले भी रूस ने रातभर में सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलें दागी थीं। इस हमले में उसने शक्तिशाली हाइपरसोनिक मिसाइल का इस्तेमाल किया, जो युद्ध में केवल दूसरी बार था। माना जा रहा कि यह हमला कीव के नाटो सहयोगियों के लिए एक चेतावनी थी कि रूस पीछे नहीं हटेगा।

### सर्दियों को हथियार बना रहा रूस

रूस लगातार कड़ाके की ठंड में यूक्रेन के बिजली और पानी के ढांचे को निशाना बना रहा है। यूक्रेनी अधिकारी ने कहा रूस सर्दियों को हथियार बना रहा हैं। ओडेसा में भी हमलों से अस्पताल, स्कूल और रिहायशी इमारतों को नुकसान पहुंचा है और छह लोग घायल हुए हैं।

### अमेरिका ने की निंदा

अमेरिका ने रूस के इन हमलों की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की उप राजदूत टैमी ब्रूस ने कहा कि रूस लड़ाई को खतरनाक तरीके से बढ़ा रहा है। उन्होंने ऊर्जा ढांचे पर हमलों और नागरिकों की मौतों पर गहरा दुख जताया।

### यूक्रेन का पलटवार

दूसरी ओर, रूस के रक्षा मंत्रालय ने दावा किया कि उसने रात भर में 11 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। इनमें से सात ड्रोन रोस्तोव इलाके में नष्ट किए गए। यूक्रेनी अधिकारियों का कहना है कि उन्होंने तगानरोग शहर में ड्रोन बनाने वाली एक कंपनी को निशाना बनाया था।

# विवेकानंद विद्या मंदिर में मकर संक्रांति पर हवन और विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सेवा भारती विवेकानंद विद्या मंदिर में सोमवार को मकर संक्रांति का पर्व बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। इस पावन अवसर पर विद्यालय परिसर में विज्ञान प्रदर्शनी का भी भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच का प्रदर्शन किया।





कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय समिति के सदस्यों, मुख्य अतिथियों, शिक्षकों और छात्र-छात्राओं द्वारा सामूहिक हवन के साथ किया गया। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच विद्यालय परिवार ने सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की। हवन की पूर्णाहुति के पश्चात मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में सभी उपस्थित लोगों को खिचड़ी प्रसाद वितरित किया गया।

विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। छात्रों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों को समझाने के लिए बहुत ही सुंदर और परिष्कृत तकनीकी मॉडल्स तैयार किए। इन मॉडल्स के माध्यम से न केवल विज्ञान के विभिन्न आयामों को प्रदर्शित किया गया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का महत्वपूर्ण संदेश भी दिया गया।

इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों सहित क्षेत्र के कई सामाजिक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अतिथियों और शिक्षकों ने बच्चों के परिश्रम और उनकी वैज्ञानिक प्रतिभा की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में बालक उपस्थित थे।

# मकर संक्रांति पर सेवा के साथ उठी बदलाव की गूंज सांसदों और विधायकों की पेंशन बंद करने की मांग

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति और लोहड़ी के पावन अवसर पर शहर में सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प का अनूठा संगम देखने को मिला। विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने एकजुट होकर जहां एक ओर जरूरतमंदों के बीच खिचड़ी प्रसाद और कंबल का वितरण किया, वहीं दूसरी ओर देश की राजनीतिक व्यवस्था में सुधार की पुरजोर मांग उठाई।





कार्यक्रम में उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने केंद्र सरकार से मांग की कि देश के सांसदों और विधायकों की पेंशन तत्काल प्रभाव से बंद की जानी चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि जनप्रतिनिधियों को स्वयं आगे आकर अपनी पेंशन त्यागनी चाहिए और इस धन का उपयोग देश की सुरक्षा में तैनात सेना के जवानों की पेंशन बढ़ाने के लिए किया जाना चाहिए।

समूह ने यह भी प्रस्ताव रखा कि केवल उन्हीं पूर्व सांसदों या विधायकों को पेंशन दी जाए जो आर्थिक रूप से असहाय हों। संगठनों का मानना है कि इससे न केवल सरकारी खजाने पर बोझ कम होगा, बल्कि यह कदम सच्चे अर्थों में 'देशभक्ति' का परिचायक बनेगा।

इस अभियान को धार देने के लिए सामाजिक कार्यकर्ताओं ने घोषणा की कि वे अपनी इन मांगों को लेकर पूरे देश में जनजागरण अभियान चलाएंगे। इसके साथ ही, एक औपचारिक प्रार्थना पत्र महामहिम राष्ट्रपति महोदया को भेजकर हस्तक्षेप की अपील की जाएगी।



ये रहे उपस्थित : सेवा और संकल्प के इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विनय कक्कड़, संजय रैना, अनिल अरोरा, तूलिका सेठ, चंचल कपूर, एस. पी. त्यागी, संजय अरोरा, विजय अरोरा, शिवकुमार तिवारी, राजेश अरोरा, सोनू बग्गा, सुमित पोपली, जे. के. सरना, सुशील रहेजा, किरण रहेजा, आर. सी. शर्मा, गुरमीत खोसला, रमेश मिगलानी, सोम अरोरा, गोपाल खत्री, महेश कुमार आहूजा, प्रदीप विष्ट और अरविंद कुमार सहित कई गणमान्य लोग सम्मिलित रहे।

# रेल विहार में धूमधाम से मना लोहड़ी का पर्व, भांगड़ा और गिद्धा की रही धूम

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वसुंधरा सेक्टर-3 स्थित रेल विहार सोसाइटी में मंगलवार को लोहड़ी का पर्व हर्षोल्लास और धूमधाम के साथ मनाया गया। शीतकालीन संक्रांति के बाद लंबे दिनों के आगमन के प्रतीक इस उत्सव में सोसाइटी के निवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सांस्कृतिक प्रस्तुतियां रहीं, जहाँ निवासियों ने पारंपरिक लोक नृत्य भांगड़ा और गिद्धा पर जमकर नृत्य किया। ढोल की थाप और लोहड़ी के गीतों ने पूरे वातावरण को उत्सव के रंग में सराबोर कर दिया। लोहड़ी की पवित्र अग्नि जलाने के बाद सभी ने सुख-समृद्धि की कामना की।

इसके पश्चात पारंपरिक प्रसाद के रूप में मकई के फूले (पॉपकॉर्न), गुड़, रेवड़ी और मूंगफली का वितरण किया गया। सोसाइटी के वरिष्ठ निवासी शके. एल. मल्होत्रा ने बताया कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य आपसी भाईचारे को बढ़ावा देना और अपनी संस्कृति से जुड़े रहना है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी में इस पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

### ईरान ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटाया लेकिन इंटरनेट बैन जारी

**तेहरान।** ईरान में विरोध प्रदर्शन जारी हैं और वहां 600 से ज्यादा लोगों के मारे जाने का दावा किया जा रहा है। इस बीच एक चौंकाने वाले कदम के तौर पर ईरान की सरकार ने अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। ईरान में सरकार विरोधी प्रदर्शन जारी हैं, लेकिन ईरानी सरकार ने इस बीच एक अप्रत्याशित कदम उठाया है और अंतरराष्ट्रीय कॉल्स पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। हालांकि इंटरनेट पर अभी भी पूरी तरह से प्रतिबंध लगा हुआ है। मीडिया रिपोर्ट्स ने ये दावा किया है। एपी की रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार को उनके विभिन्न कार्यालयों को ईरान से फोन आए। बताया गया कि ईरान के लोगों ने एपी के दुबई ब्यूरो को कॉल कर हालात की जानकारी दी। इससे पहले ईरान के लोग ऐसा नहीं कर पा रहे थे। हालांकि इंटरनेट द्वारा ईरान का अभी भी दुनिया से संपर्क कटा हुआ है।
ईरान की सरकार का फैसला चौंकाने वाला ईरान का यह फैसला बेहद चौंकाने वाला है क्योंकि अभी भी ईरान में विरोध प्रदर्शन चरम पर हैं।

# भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सचिन डेढ़ा की सक्रियता हर मोर्चे पर निभा रहे अग्रणी भूमिका

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के महानगर अध्यक्ष सचिन डेढ़ा इन दिनों जनपद में अपनी असाधारण सक्रियता और संगठनात्मक कौशल को लेकर सुर्खियों में रहे हैं। संगठन के कार्यों से लेकर सामाजिक सरोकारों तक, सचिन डेढ़ा हर आयाम में अपनी उपस्थिति मजबूती से दर्ज करा रहे हैं।



सचिन डेढ़ा के नेतृत्व में युवा मोर्चा गाजियाबाद में लगातार नई ऊर्जा के साथ काम कर रहा है। कार्यकर्ताओं के अनुसार, डेढ़ा न केवल पार्टी के कार्यक्रमों का सफल क्रियान्वयन कर रहे हैं, बल्कि युवाओं को राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए निरंतर संवाद भी कर रहे हैं। चाहे बूथ स्तर की बैठकें हों या बड़े जिला स्तरीय सम्मेलन, उनकी सक्रियता ने संगठन को एक नई गति दी है।

**जनता के बीच पैठ और सामाजिक कार्य :** केवल राजनीतिक मंचों तक ही सीमित न रहकर, सचिन डेढ़ा जनहित के मुद्दों पर भी मुखर नजर आते हैं। स्थानीय समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों से संपर्क करना हो या जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना, वे सभी मोर्चों पर सक्रिय रहते हैं।

**युवाओं के साथ जुड़ाव:** कॉलेज और खेल के मैदानों तक युवाओं से सीधा संवाद।

संगठनात्मक चुनौतियों को कुशलता से सुलझाने का हुनर। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं का भी मानना है कि सचिन डेढ़ा की यह सक्रियता आगामी चुनावों और पार्टी के विस्तार में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# ईरान में संकट गहराया कई शहरों में हिंसक प्रदर्शन जारी

**तेहरान।** ईरान में बीते दो सप्ताह से जारी हिंसक विरोध प्रदर्शनों में दो हजार लोगों की मौत हो चुकी है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट में ईरानी अधिकारियों के हवाले से इस आंकड़े की पुष्टि की गई है।

ईरान में पिछले दो हफ्तों से जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के दौरान अब तक 2,000 लोगों की मौत हो चुकी है। मरने वालों में प्रदर्शनकारी और सुरक्षा बलों के जवान भी शामिल हैं। एक ईरानी अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह पहली बार है, जब ईरानी अधिकारियों ने इतनी बड़ी संख्या में प्रदर्शनकारियों की मौत के आंकड़े को सार्वजनिक रूप से स्वीकार किया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट्स के मुताबिक अधिकारी ने दावा किया कि जिन लोगों की मौत हुई है, उनके लिए तथाकथित आतंकवादी जिम्मेदार हैं। अधिकारी के अनुसार इन घटनाओं में प्रदर्शनकारियों के साथ-साथ सुरक्षा कर्मियों की भी जान गई है। हालांकि, अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि




मृतकों में कितने प्रदर्शनकारी थे और कितने सुरक्षा कर्मी थे।

**खराब आर्थिक हालात के कारण अशांति**

हाल में यह अशांति खराब आर्थिक हालात के कारण पैदा हुई है और ईरानी सरकार के लिए पिछले तीन साल की सबसे बड़ी अंदरूनी चुनौती मानी जा रही है। यह प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहे हैं, जब पिछले साल से इस्राइल और अमेरिका के हमलों के बाद ईरान पर अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ा हुआ है।

# शास्त्री नगर में आरएसएस की तीन शाखाओं ने संयुक्त रूप से मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, केशव नगर की नकुल बस्ती स्थित आजाद शाखा, सुखदेव शाखा और राजगुरु शाखा द्वारा संयुक्त रूप से शास्त्री नगर ई-ब्लॉक स्थित पेट्रोल पंप परिसर में स्वामी विवेकानंद की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर वक्ताओं ने स्वामी जी के विचारों को राष्ट्र निर्माण के लिए अपरिहार्य बताया।








युवाओं से राष्ट्र निर्माण का आह्वान : कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री बलदेव राज शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वामी जी के दिखाए रास्ते पर चलकर ही भारत को पुनः गौरवशाली ऊंचाइयों पर ले जाया जा सकता है।

संघ और विवेकानंद का विजन : मुख्य वक्ता विभाग प्रचारक अतुल ने कहा, स्वामी विवेकानंद ने राष्ट्र परिवर्तन के लिए 100 ऊर्जावान युवाओं का सपना देखा था। संघ संस्थापक डॉ. हेडगेवार ने उसी विचार को आगे बढ़ाते हुए आरएसएस की स्थापना की। उन्होंने जोर देकर कहा कि केवल चित्र पर फूल चढ़ाना काफी नहीं है, बल्कि उनके सिद्धांतों को आत्मसात करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। वर्तमान में संघ के प्रचारक उन्हीं समर्पित युवाओं की भूमिका निभा रहे हैं जिनकी कल्पना स्वामी जी ने की थी। हिंदू अस्मिता और गौरव का प्रतीक : विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने कहा कि यह सुखद संयोग है कि देश आज स्वामी जी की जयंती के साथ-साथ अपनी सांस्कृतिक विरासत को भी याद कर रहा है। उन्होंने सोमनाथ मंदिर पर हुए प्राचीन आक्रमणों का उल्लेख करते हुए कहा कि विदेशी आक्रांता भारत की धन-दौलत लूट सकते थे, लेकिन वे हिंदू धर्म की आत्मा और अटूट विश्वास को नहीं हिला पाए। 2000 से अधिक लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद कार्यक्रम का कुशल संचालन सचिन सिंघल ने किया। समापन पर एक विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

### फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष को ट्रंप ने दी आपराधिक मामले की धमकी



**न्यूयार्क।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल और ट्रंप सरकार से बीच टकराव बढ़ता जा रहा है। जेरोम ने खुलासा किया है कि अमेरिका के न्याय विभाग ने केंद्रीय बैंक को समन जारी कर आपराधिक अभियोग की धमकी दी है।

यह विवाद बैंक की इमारतों के नवीनीकरण में खर्च हुए 2.5 अरब डॉलर को लेकर पॉवेल की गवाही से जुड़ा है। पॉवेल का आरोप है कि ये धमकियां फेडरल रिजर्व की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए राजनीतिक दबाव बनाने का एक जरिया हैं।

# बांग्लादेश के बाद अब इंडोनेशिया पाक से खरीदेगा 'कबाड़' जेट

**इस्लामाबाद।** बांग्लादेश के बाद अब इंडोनेशिया भी पाकिस्तान के फाइटर विमान खत्र्र17 थंडर जेट खरीदने में दिलचस्पी दिखा रहा है। उर्दू अखबार द जंग के मुताबिक इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री ने 40 JF-17 फाइटर जेट खरीदने के रक्षा समझौते पर चर्चा की है।



अशांति से जूझ रहे बांग्लादेश के बाद अब इंडोनेशिया ने भी पाकिस्तान के फाइटर विमान JF-17 थंडर जेट को खरीदने में दिलचस्पी दिखाई है। जेएफ-17 थंडर जेट एक मल्टी-रोल कॉम्बैट एयरक्राफ्ट है, जिसे चीन और पाकिस्तान ने मिलकर बनाया है। मई 2025 में भारत से साथ हुए संघर्ष के बाद पाकिस्तान अपने लड़ाकू विमान का झूठा प्रचार करके इसे अन्य देशों को बेचने के लिए हाथ पैर मार रहा है। अब इस कड़ी में बांग्लादेश के बाद इंडोनेशिया भी इस लिस्ट में शामिल हो सकता है।

### पाकिस्तान दौरे पर इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री

दरअसल, पाकिस्तान और इंडोनेशिया ने रक्षा सहयोग पर चर्चा की। इंडोनेशिया के रक्षा मंत्री सजाफ्री सजामसोएद्दीन पाकिस्तान के दौरे पर हैं। जहां सोमवार (12 जनवरी) को पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर और वायुसेना प्रमुख जहीर सिद्धू से मुलाकात की है। पाकिस्तानी सेना के एक बयान के अनुसार बैठक में आपसी हित के मामलों, बदलते क्षेत्रीय और वैश्विक सुरक्षा हालात और द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को बढ़ाने के तरीकों पर चर्चा हुई।

इसी के साथ दोनों पक्षों ने पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बीच संस्थागत संबंधों को मजबूत करने, ट्रेनिंग में सहयोग और रक्षा औद्योगिक सहयोग के महत्व पर भी जोर दिया। इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री ने पाकिस्तान सेना के जवानों की तारीफ की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में उनके बलिदानों को स्वीकार किया। उन्होंने कई क्षेत्रों में पाकिस्तान के साथ रक्षा संबंधों को और बढ़ाने की इंडोनेशिया की इच्छा भी व्यक्त की।

इसी के साथ पाकिस्तानी वायुसेना प्रमुख ने इंडोनेशियाई प्रतिनिधिमंडल को पाकिस्तानी एयर फोर्स के आधुनिकीकरण अभियान के बारे में जानकारी दी, जिसमें इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, बेहतर प्रशिक्षण और बहु-स्तरीय अभियान के लिए तैयारी बढ़ाने के लिए खास क्षमताओं के बारे में बताया। जहां इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री ने विमानन और एयरोस्पेस क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने में गहरी दिलचस्पी दिखाई।

40 JF-17 थंडर खरीदने की चर्चा, शाहपर ड्रोन में भी रूचि

वहीं दोनों देशों के रक्षा सहयोग पर पाकिस्तान के एक प्रमुख उर्दू अखबार द जंग के मुताबिक इंडोनेशियाई रक्षा मंत्री ने एयर चीफ के साथ अपनी बैठक में 40 खत्र्र17 थंडर खरीदने के रक्षा समझौते पर भी चर्चा की। इसी के साथ पाकिस्तानी शाहपर ड्रोन में भी रूचि दिखाई।

जानें क्या है JF-17 जेट की खासियत?

चीन की मदद से पाकिस्तान में निर्मित जेएफ-17 लड़ाकू विमानों को पाकिस्तान वायुसेना के 14 स्क्वाड्रन में शामिल किया गया है। ये पाक वायुसेना का सबसे अहम लड़ाकू विमान है। पाक वायुसेना के पास इस श्रेणी के 70 से ज्यादा लड़ाकू विमान हैं। पाकिस्तान का दावा है कि जेएफ-17 लड़ाकू विमान दुनिया के किसी भी देश के चौथी पीढ़ी के विमानों के समान सक्षम है। इनमें हवा से हवा और हवा से जमीन पर मार करने की क्षमता है।

मल्टी-रोल क्षमताः यह एयर-टू-एयर, एयर-टू-ग्राउंड और एयर-टू-सी मिशन में सक्षम है।

उन्नत रडार सिस्टमः जेएफ-17 ब्लॉक-क्क्क्रमें अएरअ रडार लगाया गया है, जिससे लक्ष्य पहचान और ट्रैकिंग क्षमता बढ़ती है।

विविध हथियार क्षमताः यह हवा-से-हवा और हवा-से-जमीन मिसाइलों, स्मार्ट बम और एंटी-शिप मिसाइल ले जाने में सक्षम है।

कम लागत और आसान रखरखावः इसकी परिचालन लागत अपेक्षाकृत कम है, जिससे विकासशील देशों के लिए आकर्षक विकल्प बनता है।

### फाइटर जेट नहीं अब बोला जाता है 'कबाड़'

दरअसल, बीते एक दशक से पाकिस्तानी वायुसेना में तैनात इस फाइटर जेट का पाकिस्तान की ओर से जमकर प्रचार किया गया है। हालांकि सच्चाई सबके सामने है कैसे ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान और चीन के हथियारों की असलियत दुनिया के सामने आई थी।

### पाकिस्तान में शांति समिति के 4 लोगों की हत्या

**नई दिल्ली।** मध्य गाजा में ड्रोन हमले में तीन फलस्तीनी नागरिकों की मौत हो गई। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब हमास गाजा की सत्ता एक नई समिति को सौंपने की तैयारी कर रहा है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, युद्धविराम के बाद से अब तक 440 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। हमास ने कहा है कि नई समिति के गठन के बाद वह अपनी मौजूदा सरकार भंग कर देगा। दूसरी ओर, प्रदर्शनकारियों ने फलस्तीनी कैदियों की रिहाई की मांग को लेकर प्रदर्शन किया। हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं।

### सीरिया में हालात सामान्य, झड़पों के बाद घर लौटने लगे विस्थापित लोग

**नई दिल्ली।** सीरिया के अलेप्पो शहर में भीषण झड़पों के बाद हालात धीरे-धीरे सामान्य हो रहे हैं। सरकारी बलों और कुर्द लड़ाकों के बीच संघर्ष थमने के बाद सैकड़ों विस्थापित लोग अपने घर लौटने लगे हैं। पिछले पांच दिनों की लड़ाई में कम से कम 23 लोगों की मौत हुई और हजारों लोग विस्थापित हुए थे। अब सुरक्षा बलों की तैनाती के बीच दुकानें खुल रही हैं और यातायात सामान्य हो रहा है, हालांकि तनाव पूरी तरह खत्म नहीं हुआ है।

### ईरान में हिंसा पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कड़ी प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** ईरान में जारी विरोध प्रदर्शनों के दौरान कथित राज्य हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। यूरोपीय संसद की अध्यक्ष मेटसोला ने ईरानी महिलाओं और पुरुषों के खिलाफ की जा रही हिंसा की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों के सम्मान की मांग कर रहे नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मौलिक स्वतंत्रताओं का सम्मान कोई क्षेत्रीय नहीं, बल्कि वैश्विक मांग है। साथ ही उन्होंने कहा कि यूरोप उन सभी महिलाओं और पुरुषों के साथ खड़ा है, जो साहस के साथ अपने अधिकारों और आजादी की रक्षा के लिए आवाज उठा रहे हैं।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# कलेक्ट्रेट सभागार में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक संपन्न

## विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल, पोषक भोजन और स्वच्छ वातावरण देना हमारी जिम्मेदारी : सीडीओ





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पिछली समीक्षा के बिंदुओं पर हुई प्रगति की समीक्षा की गई तथा विभागीय अधिकारियों के कार्य-दायित्वों पर चर्चा हुई।

सीडीओ ने निर्देश दिए कि सभी बीईओ एक माह के भीतर विद्यालयों में फर्नीचर, स्वच्छता, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, शौचालय तथा मिड-डे-मील की स्थिति की विस्तृत रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रत्येक छात्र के लिए फर्नीचर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी और विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल, पोषक भोजन एवं साफ-सुथरा वातावरण देना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

बैठक में निपुण योजना, पीटीएम, संपर्क व निपुण प्लस एप के प्रभावी उपयोग, संघर्षशील विद्यालयों पर विशेष ध्यान, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के नियमित निरीक्षण तथा निर्माण कार्यों को समयबद्ध पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही एसआईआर के दौरान शिक्षण कार्य प्रभावित न हो, इसके लिए विद्यालय स्तर पर वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा गया। बैठक में परियोजना निदेशक, जिला विकास अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, बीएसए ओ.पी. यादव, डायट उप प्राचार्य ज्योति दीक्षित, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, डीसी, एसआरजी, एआरपी तथा विभिन्न शैक्षिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**गहन चर्चा**



साहिबाबाद (करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा एवं पार्षद शशि खेमका के बीच नए वोट बनाने की प्रक्रिया को लेकर गहन चर्चा हुई। क्षेत्र के नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकार को सुनिश्चित करने के लिए मंत्रीजी ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल एसडीएम को तलब किया और आवश्यक निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी मतदाता सूची में नाम की जांच करें और अपना वोट सुनिश्चित करें।




▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** सन ऑफ सरदार ने दिखाना शुरू कर दिया है अपना किरदार? सुना है ठाकुराना अंदाज सा दिख रहा है खुमार? अभी से जाग चुकी है उसमें चुनाव लड़ने की तमन्नाएं? सुना है वो अभी से हो रहा है तैयार? इस बार फादर को भी रखना होगा पुत्र का ध्यान? क्योंकि सभी जानते हैं शांत नहीं होते? जब जाग जाते हैं राजनीति के अरमान?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ये बात नदिया पार के पार्षद को नहीं लगी फाईन? जब उन्हीं के प्रिय बिरादरी वाले पार्षद ने पूरी पहलवानी से अपने यहां खुदवा दी पानी की लाईन? सुना है गड्ढे खुदने से हो गये छोटे पार्षद नाराज? उन्होंने कहा कि आपके इस काम से मेरे काम में आई है बाधा? जो नहीं है मुझको बर्दाश्त? सुना है लाईन खुदवाने के चक्कर में दोनों में नहीं हुई आपस में बहुत दिनों तक बात?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब से इंस्पेक्टर साहब को किया है शब्दों से अध्यक्ष जी ने टाईट? तब से कार्यकर्ता सोच रहे हैं कि बस वो ही हैं जो लड़ सकते हैं उनके लिए फाईट? कहने वाले ने कहा हम अध्यक्ष जी के इन तेवरों को देखकर बधाई देने पहुंचे थे उनके पास? तब उन्होंने कराया उन्होंने अपनी ताकत का नेक्स्ट लेवल वाला एहसास? कहा मैं चाहता तो कर लेता अपने और भी शब्द हार्ड? मैं नहीं चाहता था कि हो जाये कॉल रिकार्ड? तुम तो जानते हो आजकल कैसा है जमाना साहब?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इसे कहा जा सकता है मौहल्ले में पार्षद की राजनीति को डेंट? मैम्बर को जानकारी ही नहीं और लगवा दिया लगाने वाले वालों ने उनके पार्क में टेंट? सुना है अब पूरी राय से उनके समर्थक ही मार रहे हैं उनको ताना? कह रहे हैं आपके साथ ऐसा हो गया जैसे बेगानी शादी में अब्दुल्ला दीवाना? वैसे भी मैम्बर साहब का कुर्सी वाले मैटर को लेकर वैसे ही है मूड खराब? ऊपर से सामने आ गया है ये पार्क वाला विवाद?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** इस बात का हो रहा है अब हर जगह जिक्र? भगवा पहलवान सांसद जी के अलावा अब कर रहे हैं मंत्री जी की भी फिक्र? उन्होंने मंत्री जी के बर्थडे का कार्यक्रम किया है फेसबुक पर अपलोड? दे रहे हैं संदेश कि सब मुजफ्फरनगर समय से जायें पहुंच? कुछ तो असर दिखायेगा पहलवान का ये वाला प्यार? अपनी पॉवर का वो बैकअप बढ़ा रहे हैं? मंत्री जी को भी कर रहे हैं वो अपने लिए तैयार?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** पहलवान की तर्ज पर पूरी सुशीलता से गौतम जी ने भी की है मंत्री जी के बर्थडे की पोस्ट अपडेट? लगता है वो भी किसी जिम्मेदारी को लेकर नहीं होना चाहते हैं लेट? वैसे भी हमें महानगर की टीम में उनके आने की कम लग रही है उम्मीद? किसी को वेद से निकलता हुआ प्रकाश ही लग रहा है ठीक? इसलिए मंत्री जी के बर्थडे की जानकारी शेयर वो कर रहे हैं शिद्दत से? ताकि राजनीति में उनका मामला हो ना जाये वीक?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** विधायक के समर्थक ने कहा मैं चाहता हूं उनसे एक बात पूछना? उन्होंने विधायक जी को क्यों नहीं दी लोहड़ी सेलीब्रेशन की सूचना? वो क्या सोचते हैं ऐसा करके वो आसान कर लेंगे अपनी दास्तां? जब-जब वो हमारे प्रिय विधायक को इग्नोर करेंगे? तब-तब हम रोकेंगे उनका रास्ता? वो सोच रहे हैं वो चला लेंगे मैगी बनाने से काम? आजकल दुनिया खा रही है बहुत ज्यादा पास्ता?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वैसे ही आया मेरे दिमाग में विचार? जब हो रहा था होली का प्रोग्राम सेलीब्रेट? तब मौके पर दिख रहे थे बस तीन ही सरदार? हम तो बस अब उनसे यही पूछना चाहते हैं बात? कुछ तो मजबूत संदेश दिया करें? नोट करने वाले ऐसे ही मूवमेंट नोट करते हैं साहब? मूंगफली का फिर पता नहीं चलता है स्वाद? रेवड़ियां बंट जाती हैं औरों के हाथ?

▸▸ **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हमारे कान में कूक के गई है एक कोयल? आजकल बहुत खामोश हो गये हैं भगवा मिस्टर गोयल? पिछले एक महीने से हमें नहीं हो रहे हैं उनके दीदार? या तो वो कोई गहन विश्लेषण में बिजी हैं? या फिर हो सकता है कुछ और ही बात हो यार?

▸▸ **क्यों कहा विधायक ने कि** हमारा दूर-दूर तक नहीं है बड़े दिल वाले विधायक के साथ कंपटीशन? हमने तो पकड़ रखा है बस एक ही रीजन? हमें बिल्कुल भी नहीं लाना है उनके एरिया में अपना सीजन? मगर बड़े दिल वाले विधायक को ध्यान देना होगा कि कोई वैश्य चेहरा कभी भी बदल सकता है अपना डिसीजन? हम भाईचारे में दे रहे हैं उनको सलाह? ताकि हो उनका भला? इसके अलावा नहीं है इसके पीछे कोई भी रीज्न?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### वार्ड 27 के नागरिकों के लिए आशा की नई किरण बनी सीवर योजना

# विधायक संजीव शर्मा के प्रयासों से नगर विकास मंत्री ने लिया संज्ञान




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शहर विधानसभा के वार्ड 27 अंतर्गत डूंडाहेड़ा, शांति नगर, सेन विहार सहित अनेक मोहल्लों के निवासी वर्षों से सीवर लाइन के अभाव में गंदगी, दुर्गंध और जलभराव जैसी गंभीर समस्याओं से जूझ रहे थे। इन परिस्थितियों में बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं सहित प्रत्येक परिवार का दैनिक जीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा था तथा स्वास्थ्य संबंधी गंभीर जोखिम उत्पन्न हो रहे थे।

जनसमस्याओं को गंभीरता से समझते हुए शहर विधायक संजीव शर्मा ने न केवल क्षेत्रवासियों की आवाज को मजबूती से उठाया, बल्कि 23 अक्टूबर 2025 को उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा को पत्र प्रेषित कर इस ज्वलंत समस्या की ओर उनका ध्यान आकर्षित किया। यह पहल उनके संवेदनशील और जनहित के प्रति प्रतिबद्ध नेतृत्व को दर्शाती है।

इस संबंध में नगर विकास मंत्री द्वारा आवश्यक कार्यवाही हेतु पत्र प्राप्त होना वार्ड 27 के नागरिकों के लिए बड़ी राहत और उम्मीद का संकेत है। यह कदम क्षेत्र के हजारों परिवारों को स्वच्छ वातावरण, बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन की दिशा में आगे ले जाने वाला माना जा रहा है।

मीडिया प्रभारी ने इस त्वरित संज्ञान के लिए नगर विकास मंत्री ए. के. शर्मा का आभार जताते हुए विधायक संजीव शर्मा के निरंतर प्रयासों की सराहना की और विश्वास जताया कि शीघ्र ही वार्ड 27 के नागरिकों को सीवर समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

# नदिया के उस पार लिट्टी-चोखा तो नदिया के इस पार उड़ेगी मैदान में पतंग

**नदिया के उस पार 26 जनवरी और फरवरी के पहले वीक में लिट्टी चोखा कार्यक्रम आयोजित हो सकता है। नदिया के इस पार मकर संक्रांति पर्व पर भंडारे का आयोजन सुबह 11 बजे से शुरू होगा और इसके बाद पतंग भी उड़ाई जायेगी।**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नदिया के उस पार जल्द ही लिट्टी-चोखा की दावत होने जा रही है। बताते हैं कि इसकी पूरी तैयारी हो गई है। 26 जनवरी के बाद और फरवरी के पहले वीक में ये कार्यक्रम कभी भी आयोजित हो सकता है। कार्यक्रम कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की विधानसभा साहिबाबाद में आयोजित होगा। कार्यक्रम की थीम बता रही है कि पहले दावत पूर्वांचल समाज की होगी और फिर उत्तरांचल समाज का भी नंबर आयेगा। जनवरी के अंतिम सप्ताह से लेकर फरवरी के पहले सप्ताह में ये कार्यक्रम आयोजित होना है। बस तारीख की घोषणा बाकी है और हलवाई से लेकर व्यंजन तक सबकुछ तय हो गये हैं। इसमें लिट्टी-चोखा की दावत होगी। जिसमें लिट्टी-चोखा के अलावा सत्तू पराठा, चावल दाल चोखा, कढ़ी चावल, ठेकूआ, पुआ, घुघनी जैसे व्यंजन रहेंगे। वहीं नदिया के इस पार भी तैयारी पूरी हो गई है और नदिया के इस पार सुल्लामल रामलीला मैदान में मकर संक्राति के पर्व पर रामलीला वाले अपने मुख्य द्वार पर ही भंडारे का आयोजन करेंगे। ये भंडारा आज सुबह 11 बजे से शुरू होगा और इसके बाद इस वर्ष रामलीला मैदान पर पतंग भी उड़ाई जायेगी। पतंगबाजी के संयोजक वाली जिम्मेदारी नगर निगम के पार्षद तथा पूर्व निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष राजीव शर्मा को सौंपी गई है। कमेटी के कोषाध्यक्ष सुधीर गोयल मोनू ने कहा है कि जो भी व्यक्ति मकर संक्राति पर पतंग उड़ाना चाहता है वो पार्षद राजीव शर्मा से संपर्क कर ले।

# राजनीति की पिच पर जारी है महिला खिलाड़ियों की बैटिंग

## भदौरिया से लेकर गंगवार तक सभी ने दिया है अपना योगदान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने भगवा राजनीति की उन महिला शक्तियों का उल्लेख किया था जो लंबे समय से भाजपा की राजनीति में एक्टिव हैं। लेकिन उन्हें जनप्रतिनिधि बनने का मौका नहीं मिला। हालांकि इन महिलाओं ने हमेशा पार्टी के प्रति समर्पण और कार्यकर्ता भाव के साथ काम किया है।

मगर सवाल ये है कि इतने लंबे पोलिटिक्ल कैरियर के बाद तरक्की में बैरियर कहां हैं। ये भी सत्य है कि सभी को टिकट नही मिलता। सभी को आयोग वाली कृपा भी नहीं मिलती। लेकिन ये भी जरूरी है कि मेहनत करने वाली महिलाओं को कुछ तो सरकारी कृपा का योग मिले। जनप्रतिनिधि बनने का मौका मिले और इसी कड़ी में आज उन महिलाओं का उल्लेख जो लंबे समय से भाजपा की राजनीति में सक्रिय हैं और उन्हें अपनी बारी का इंतजार है।

### महिला मोर्चा से लेकर मंडल अध्यक्ष की खेली है पारी सुषमा गंगवार ने



**करंट क्राइम।** सुषमा गंगवार भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता हैं और उन्होंने पार्टी के हर आयाम में, हर आंदोलन में काम किया है। भाजपा की महिला राजनीति का पुराना चेहरा हैं। वो इन्दिरापुरम मंडल की अध्यक्ष रहीं हैं और महानगर महिला मोर्चा में मंत्री हैं। सक्रिय मोड की नेता हैं और सबसे बड़ी बात ये है कि पार्टी प्रोटोकॉल से इतर नहीं जाती हैं। मेहनती चेहरा हैं और इसको भी मौका मिलना चाहिए।

### एक्टिव मोड की नेता हैं राज भदौरिया



**करंट क्राइम।** भाजपा की महिला राजनीति के पुराने चेहरों की बात की जाये तो उनमें एक नाम राज भैदारिया का भी आता है। ये चेहरा पार्टी के संघर्ष के दिनों का चेहरा है। जब पार्टी सत्ता में नहीं थी तब इन्हीं कार्यकर्ताओं ने आंदोलनों में हिस्सा लिया है। पार्टी के कार्यक्रमों में भागीदारी निभाई है। बड़ी बात है कि बूथ लेवल पर मेहनत की है। वर्ष 2011 की एक्टिव कार्यकर्ता हैं। वरिष्ठता का एक शिजरा है और इस चेहरे को भी इंतजार है कि पार्टी की कृपा कब होगी।

### पार्टी की पुरानी कर्मठ कार्यकर्ता हैं रिचा भदौरिया



**करंट क्राइम।** रिचा भदौरिया भाजपा की राजनीति का कर्मठ और सक्रिय नाम हैं। पार्टी के हर मूवमेंट में साथ रहती हैं। सक्रिय कार्यकर्ता हैं और राजनीतिक रूप से खुद को एक्टिव रखती हैं। क्रासिंग क्षेत्र का ये चेहरा भाजपा की सक्रिय महिला राजनीति का चेहरा हैं। मंडल से लेकर महानगर तक होने वाले हर कार्यक्रम में इनकी उपस्थिति रहती हैं। चुनाव में डोर-टू-डोर और बूथ-टू-बूथ मेहनत करती हैं। फिलहाल संगठन से लेकर सरकारी कृपा का इंतजार है।

# महानगर उद्योग व्यापार मंडल में संगठन विस्तार

### प्रांतीय कार्यकारिणी की सभा में नए पदाधिकारियों का हुआ स्वागत



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की प्रांतीय कार्यकारिणी की सभा में गाजियाबाद के लोहिया नगर क्षेत्र से जुड़े दो व्यापारी नेताओं को महानगर उद्योग व्यापार मंडल में उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। दोनों पदाधिकारी पूर्व से ही महानगर की ट्रांसपोर्ट इकाई से जुड़े हुए हैं। सभा में उपस्थित महानगर अध्यक्ष गोपीचंद प्रधान, महामंत्री अशोक चावला, जिला महामंत्री राजदेव त्यागी एवं युवा महानगर अध्यक्ष विपिन गोयल ने दोनों पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर नवनियुक्त उपाध्यक्ष विकास जैन और विपिन सिंगल ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से व्यापार मंडल तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा करेंगे।

### पिता की हत्या के आरोपी पुत्र की जमानत अर्जी खारिज

ग्रेटर नोएडा। थाना जारचा क्षेत्र में वर्ष 2020 में पिता की हत्या के मामले में न्यायालय ने आरोपी पुत्र ललित की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। आरोपी ने सोते हुए पिता के सिर पर कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी थी। न्यायालय ने अपराध की गंभीरता, अभियोजन के साक्ष्य और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को ध्यान में रखते हुए स्पष्ट किया कि इस स्तर पर अभियुक्त को जमानत दिए जाने का कोई आधार नहीं बनता है। मामला में आरोपी ललित पर अपने ही पिता रामभूल की धारदार हथियार से सिर पर वार कर हत्या करने का आरोप है। वादी अरुण कुमार द्वारा केस दर्ज कराया गया था।

आरोप है कि अरुण अपनी पत्नी के साथ मकान की ऊपरी मंजिल पर सो रहा था। जबकि उसके पिता रामभूल और भाई ललित नीचे कमरे में सो रहे थे। सुबह उठने पर अरुण ने देखा कि उसके पिता की लाश खून से लथपथ चारपाई पर पड़ी थी और सिर पर गंभीर चोट के निशान थे।

**चिन्टू जी**




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

# बार एसोसिएशन गाजियाबाद में धूमधाम से मनाया गया लोहड़ी पर्व

## अधिवक्ताओं ने एक-दूसरे की खुशहाली और समृद्धि की कामना की




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बार एसोसिएशन गाजियाबाद द्वारा बार प्रांगण में लोहड़ी का पर्व उत्साह और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी, सचिव वरुण त्यागी, डीजीसी सिविल हरप्रीत सिंह जग्गी सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

इस अवसर पर सभी ने एक-दूसरे को लोहड़ी की शुभकामनाएं देते हुए खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

कार्यक्रम में सरदार एस.पी. सिंह (पूर्व सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग), वरिष्ठ अधिवक्ता सरदार गुरदीप सिंह, सी.पी. श्रीवास्तव, सुनीता दत्ता, राकेश केली, अक्षय मेकिन, मनप्रीत सिंह, निर्मलजीत सिंह, जगमोहन सिंह, डॉ. सबनम, खुशनुमा प्रवीन, विनय जैन, मनमोहन शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे।

### गाजियाबाद के इंदिरापुरम में नशे में कार को शोरूम में घुसा दी, पुलिस ने लिया युवक को हिरासत में

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शराब के नशे में धुत एक कार सवार ने अपनी कार टाइल्स के शोरूम में कार घुसा दी। घटना इंदिरापुरम की है। देररात कार सवार तेज रफ्तार से आ रहा था। तभी कंट्रोल बिगडने पर कार एक शोरूम में जा घुसी। कार का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि कोई चपेट में नहीं आया। पुलिस ने युवक को हिरासत में ले लिया है। देररात इंदिरापुरम के न्याय खंड-3, शुक्र बाजार चौक के पास नशे की हालत में कार चला रहा था। तभी युवक अचानक नियंत्रण खो बैठा। इस हादसे में शोरूम को भारी नुकसान हुआ है।



राहगीरों ने किसी तरह कार चालक को कार से बाहर निकाला। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि चालक नशे की हालत में था। पुलिस इसमें आगे की कार्रवाई कर रही है।